


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 55 | ग्वालियर शुक्रवार 2 दिसम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



## पहले चरण में 70 महिलाएं लड़ रही चुनाव



गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान जारी है. शाम 5 बजे बाद 788 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो जाएगा. वहीं इसी चरण में 70 महिलाएं भी चुनावी मैदान में हैं. भारतीय जनता पार्टी से लेकर आम आदमी पार्टी तक सभी दलों ने पहले चरण की वोटिंग से पहले प्रत्याशियों के हक में जमकर वोट मांगे हैं. अकेली बीजेपी ने बीते 20 दिन में 160 से ज्यादा जनसभाएं, रैली और रोड शो किए हैं. मकसद साफ है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य को एक बार फिर जीतना. खुद पीएम मोदी ने बीते और इस हफ्ते में ताबड़तोड़ रोड शो और रैलियां की हैं. हालांकि इस दौड़ में आम आदमी पार्टी भी पीछे नहीं रही है. आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने खुद कई रैलियां कीं, जबकि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के अलावा मनीष सिसोदिया, राघवेंद्र चड्ढा समेत पार्टी के स्टार प्रचारकों ने प्रचार में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी. अब देखना यह है कि इन दिग्गजों का धुआंधार प्रचार प्रत्याशियों के हित में वोटों को कितना कनवर्ट कर पाता है.

## सीबीआई पेश कर रहा आज डिजिटल रुपया



**नई दिल्ली।** आज से नए महीने की शुरुआत हो चुकी है. इसी के साथ एक नया बदलाव भी आपके जीवन में दस्तक देने जा रहा है. जहां अब तक वित्तीय लेन-देन के लिए कागजी रुपयों का ही इस्तेमाल होता था वहीं अब डिजिटल रुपया का इस्तेमाल कर सकेंगे. दरअसल डिजिटलीकरण के इस दौर में देश का केंद्रीय बैंक आज से डिजिटल रुपया पेश कर रहा है. डिजिटल रुपया यानि कागजी रुपयों से अलग लेकिन कागजी रुपये की वैल्यु जैसा रुपया लाया जा रहा है. आरबीआई ने ये कदम डिजिटल करेंसी को लेने-देन की प्रक्रिया में शामिल करने के लिए उठाया है. आज सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी को लॉन्च करने जा रहा है. हालांकि डिजिटल करेंसी शब्द नया नहीं है. इसे लाने की बात इस साल के बजट में पहले ही हो चुकी थी.

**क्या बिटकॉइन जैसा समझा जाए**–बहुत से लोग सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी को बिटकॉइन जैसा मान रहे हैं. लेकिन यह हकीकत में यह इससे बहुत अलग है. सबसे बड़ा अंतर दोनों में यही है कि बिटकॉइन जैसी करेंसी किसी के अधिकार में नहीं होती जबकि सीबीडीसी को भारत का केंद्रीय बैंक पेश कर रहा है यानि इसका पूरा कंट्रोल रिजर्व बैंक के पास है. दूसरा बड़ी सहूलियत यह कि सीबीडीसी को इस्तेमाल करना कागजी रुपयों जैसा ही होने वाला है. रिजर्व बैंक सीबीडीसी को दो रूपों में लेकर आई है. पहला सीबीडीसी डबल्यू और दूसरा सीबीडीसी आर. सीबीडीसी डबल्यू का मतलब होल सेल डिजिटल करेंसी से है जबकि सीबीडीसी आर का मतलब रिटेल से है. होलसेल के लिए करेंसी को पहले ही लॉन्च किया जा चुका है. जबकि रिटेल आज पेश हो रहा है.

**आसान होगा इस्तेमाल का तरीका**–डिजिटल करेंसी को इस्तेमाल करने को लेकर भी कई लोगों के मन में बहुत से सवाल हैं. मसलन इसका इस्तेमाल कौन और कैसे कर सकेगा. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो डिजिटल करेंसी का इस्तेमाल ई- रुपी यानि डिजिटल टोकन के रूप में होगा. आपके स्मार्टफोन में मौजूद डिजिटल पेमेंट ऐप से इनका इस्तेमाल हो पाएगा. शुरुआती चरण में केवल चार बैंकों के जरिए पर्सन टू पर्सन या पर्सन टू मर्चेंट इसका इस्तेमाल कर सकेंगे. इन बैंकों में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यस बैंक , आईसीआईसीआई बैंक और आईडीएफसी बैंक शामिल रहेंगे. बाद के चरणों में इसमें अन्य बैंको को भी शामिल किया जाएगा. खास बात ये कि डिजिटल करेंसी को कागजी रुपयों या सिक्कों में भी बदलवाया जा सकेगा.

## साइकिल पर गैस सिलेंडर लेकर पोलिंग बूथ पहुंचे कांग्रेस विधायक



गुजरात विधानसभा पर काबिज होने का पहला इम्तिहान आज है. विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 89 सीटों के लिए वोटिंग जारी है. पहले चरण में 788 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला शाम 5 बजे तक ईवीएम में कैद हो जाएगा. इस बीच मतदान को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. युवाओं से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई मतदान करने पहुंच रहा है. हालांकि शुरुआत घंटों में मतदान में थोड़ी सुस्ती दिखी, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ रहा है वैसे-वैसे मतदान को लेकर लोगों की आमद भी बढ़ने लगी. लेकिन इस बीच आकर्षण का केंद्र बने कांग्रेस के विधायक. दरअसल कांग्रेस विधायक पोलिंग बूथ पर साइकिल से गैस सिलेंडर लेकर पहुंच रहे

### गुजरात में पीएम मोदी

# का कांग्रेस पर तंज जितना कीचड़ उछालोगे, उतना कमल खिलेगा

गुजरात में प्रथम चरण के लिए हो रहे मतदान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने गृह राज्य में कई जनसभाओं को संबोधित करेंगे. इस क्रम में उन्होंने आज यानी गुरुवार को कलोल में आयोजित एक जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने गुजरातवासियों के लिए केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया. आपको बता दें कि गुजरात में विधानसभा चुनाव के लिए आज प्रथम चरण का मतदान कराया जा रहा है. गुजरात विधानसभा में कुल 182 सीटें हैं, जिनमें से 89 सीटों पर आज यानी गुरुवार को मतदान होता है. प्रथम चरण में जिन सीटों पर चुनाव होना, वो राज्य के 19 जिलों में फैली हुई हैं. गुजरात के पहले चरण के चुनाव में कुल 788 उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं. निर्वाचन आयोग और पुलिस प्रशासन की ओर सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं.इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मित्र कान खोल कर सुन लें, आपके लोकतंत्र में अविश्वास आपका विषय है. अगर आपको परिवार के लिए जीना है तो आपकी मर्जी, लेकिन एक बात लिख लीजिए, जितना कीचड़ उछालोगे उतना कमल खिलेगा खिल जाएगा. मैं गुजरात का बेटा हूं, आपने मुझे जो गुण दिए हैं, गुजरात ने मुझे जो ताकत दी है, जो गुण गुजरात ने मुझे दिए हैं, इन कांग्रेसियों को परेशान कर रहा हूं.



## चाईना के पूर्व राष्ट्रपति जियांग जेमिन का ल्यूकेमिया से 96 की उम्र में निधन



**शंघाइ।** तियानमेन स्क्वॉयर पर लोकतंत्र समर्थक आंदोलन को सैन्य बल से कुचलने के बाद वैश्विक मंच पर अलग-थलग पड़े चीन को बाहर निकालने वाले और दशकों तक तेज विकास के लिए आर्थिक सुधारों का समर्थन कर उन्हें लागू करने वाले पूर्व राष्ट्रपति जियांग जेमिन का 96 साल की उम्र में निधन हो गया. वह ल्यूकेमिया बीमारी से पीड़ित थे, जिसकी वजह से उनके शरीर के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था. जियांग जेमिन ने 1989 में तियानमेन चौक पर लोकतंत्र समर्थकों पर सेना के हिंसक दमन और अत्याचार के बाद देश की सत्ता संभाली थी. चीन के सरकारी मीडिया के अनुसार जियांग जेमिन की स्थानीय समयानुसार शंघाई में दोपहर 12÷13 बजे मौत हुई. शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी, संसद, कैबिनेट और सेना द्वारा मौत की घोषणा करता पत्र भी प्रकाशित किया. जियांग जेमिन की मौत के बाद चीन की समाचार और अन्य वेबसाइट स्याह-सफेद रंग में नजर आ रही हैं.जियांग के कार्यकाल में कई एतिहासिक बदलाव चीन ने देखे-1989 में तियानमेन में लोकतंत्र समर्थकों के दमन के बाद जियांग जेमिन का सत्ता की बागडोर सौंपना अचंभित करने वाला कदम था.

## थाने में शराब पार्टी करना पड़ा महंगा, पुलिसकर्मी हुए गिरफ्तार

**पटना।**ऐसे कहने को तो बिहार में शराबबंदी लागू है, लेकिन इस कानून का कैसा मखौल उड़ाया जा रहा है, इसकी बानगी आबकारी विभाग के थाने में देखने को मिली जब थाने के हवालात (हाजत) में ही शराब की पार्टी चल रही थी. हवालात में पांच कैदियों को न केवल शराब पीते पकड़ा गया बल्कि वहीं से शराब भी बरामद की गई. इस दौरान ड्यूटी पर तैनात 2 पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस के मुताबिक, आबकारी (उत्पाद) विभाग द्वारा मंगलवार को दोपहर 5 लोगों को पालीगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर हाजत में रखा गया था.

## तिहाड़ जेल से अस्पताल पहुंचा आफताब, नार्को टेस्ट शुरू



**नई दिल्ली।** दिल्ली में मुंबई से आकर मुंबई की लड़की श्रद्धा वॉकर की हत्या करने वाले आफताब अमीन पूनावाला का नार्को टेस्ट कराया जा रहा है. रोहिणी के डॉ आंबेडकर अस्पताल में आफताब अमीन पूनावाला का नार्को टेस्ट ( किया जा रहा है. इसके लिए उसे तिहाड़ जेल से डॉ आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया है. उसका पॉलीग्राफ टेस्ट 30 नवंबर को पूरा हो चुका है, जिसमें उसने श्रद्धा की हत्या की बात स्वीकारी है. यही नहीं, उसने पूरे घटनाक्रम को ज्यों का त्यों बयान भी कर दिया है. ये उसके पॉलीग्राफ टेस्ट का पांचवां दिन था. उसने शुरू के 4 दिन सभी को खूब छकाया था.

**आफताब ने 18 मई को की थी श्रद्धा की हत्या**–आफताब अमीन पूनावाला ने 18 मई को श्रद्धा की फ्लैट में ही हत्या कर दी थी. इसके बाद उसने बहुत शातिर और घिनौने तरीके से श्रद्धा के शव को 35 टुकड़ों में बांटा और फ्रिज में स्टोर करके रख दिया. वो कुछ टुकड़ों को हर अलग दिन ठिकाने लगाता. कभी वो जंगलों में शव के टुकड़ों को फेंक देता, तो कभी कूड़ेदान में. उसकी इस करतूत पर लंबे समय तक पर्दा भी पड़ा रहा. नवंबर महीने में श्रद्धा के पिता ने मुंबई में बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. इसके बाद वो दिल्ली आए और फिर आफताब को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा.

**काफी शातिर है आफताब**–आफताब कितना शातिर है, इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने काफी समय पहले ही पॉलीग्राफ टेस्ट को झांसा देने की तैयारी कर ली थी. उसने श्रद्धा का फोन भी चलती ट्रेन से मुंबई के आस पास फेंका था और हर कोशिश उसने पुलिस को गुमराह करने की कर ली.

## यूक्रेन में लोगों का रहना दूभर, घरों में बिजली नहीं



**कीव।**युद्धग्रस्त यूक्रेन में लगभग 6 मिलियन यानि 60 लाख घरों में बिजली नहीं है. रूसी हमले महत्वपूर्ण बिजली बुनियादी ढांचे को प्रभावित कर रहे हैं. यह जानकारी युक्रेन के राष्ट्रपति वलेडिमिर जेलेंस्की ने दी है. उन्होंने बुधवार शाम राष्ट्र के नाम अपने रात्रिकालीन संबोधन में यह टिप्पणी की. राष्ट्रपति ने कहा, ऊर्जा कर्मचारी और उपयोगिता कार्यकर्ता, हमारी सभी सेवाएं सिस्टम को स्थिर करने और लोगों को लंबे समय तक अधिक ऊर्जा देने के लिए सब कुछ कर रहे हैं, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि लोग समझें कि कब और कितने समय तक वे बिना बिजली के रहेंगे.कीव के अलावा, कुछ अन्य प्रभावित क्षेत्रों में विनित्सिया, लविव, ओडेसा, खमेलनित्सकी और चकार्सी हैं. जेलेंस्की ने कहा, लोगों को जानने का अधिकार है. और जहां तक संभव है जीवन स्थिर करने की जरूरत है. लोग देखते हैं

## मध्यप्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा से चढ़ा सियासी पारा, चुनाव अगले साल




**भोपाल।**मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव लगभग एक साल बाद है. इस चुनाव से पहले कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के राज्य में आने से सियासी पारा चढ़ गया है. दोनों ही राजनीतिक दल मैदान में न केवल सक्रिय नजर आ रहे हैं बल्कि उनका रुख आक्रामक भी हो चला है. राज्य में वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजे दोनों ही राजनीतिक दलों के सामने हैं. दोनों ही राजनीतिक दलों को पूर्ण बहुमत नहीं मिला था और उनमें अंतर महज पांच सीटों का ही था. 230 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस को जहां 114 सीटें मिली थी, बहुमत से दो सीटें कम, तो वहीं भाजपा 109 पर आकर ठहर गई थी.यही कारण है कि अगले साल होने वाले चुनावों के मद्देनजर दोनों ही दल नई रणनीति पर काम कर रहे हैं. कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है. यह यात्रा इन दिनों मध्यप्रदेश के मालवा-निमाड़ अंचल में है.राहुल गांधी को राज्य में आते ही सरकार गिरने की याद आ गई. यही कारण है कि उन्होंने सीधे तौर पर भाजपा पर हमला बोला और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम लिए बगैर ही कह दिया कि, मध्य प्रदेश में चुनाव जीतकर हमारी सरकार बनी थी, मगर करोड़ों रुपए देकर 20-25 भ्रष्ट विधायकों को खरीद लिया और सरकार बना ली.राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे हैं और उन्हें देखने भी भीड़ उमड़ रही है, इससे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथ उत्साहित हैं. उनका कहना है कि भारत जोड़ो यात्रा का मध्य प्रदेश में जनता ने जिस तरह से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का उत्साह से स्वागत किया, उससे स्पष्ट है कि भारत जोड़ो यात्रा मध्यप्रदेश में नया इतिहास रचेगी.वहीं दूसरी ओर भाजपा निमाड़-मालवा अंचल सहित आदिवासी इलाकों में जनजातीय गौरव यात्राएं निकाल रही है.

## ज्ञानवापी मामले को लेकर हिन्दू पक्षों में मतभेद, मुकदमे को एक कोर्ट में ले जाना बना वजह

**वाराणसी।** ज्ञानवापी से जुड़ा मामला एक बार फिर से तूल पकड़ता दिख रहा है. हिन्दू पक्षों में फूट पड़ने के बाद मुकदमा कमजोर होता दिख रहा है. मामलों को एक साथ करने वाली एप्लीकेशन पर अब 5 दिसंबर को सुनवाई नियत की गई है. आपको बता दें कि ज्ञानवापी मामले को लेकर कोर्ट ने हाल ही में मामला सुरक्षित रख दिया था. जिसमें अग्रिम सुनवाई में ही कोई फैसला आएगा. फिलहाल हिन्दू पक्षों में आपस में खींचतान चल रही है. अब सभी को 5 दिसंबर का इंतजार है. ज्ञानवापी परिसर का कब्जा भगवान आदि विश्वेश्वर को सौंपने की मांग वाले मुकदमे को लेकर विवाद गहरा गया है. यही नहीं मुकदमें को सिविल जज की कोर्ट डिस्ट्रिक्ट न्यायधीस की कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग भी मुखर होने लगी है. संबंधित मामले में आदि विश्वेश्वर की तरफ से किरन सिंह के अधिवक्ता ने ÷आपत्ति दाखिल करने के लिए आवेदन की प्रति नहीं मिलने की बात कही÷,

## यूपी अटल आवासीय विद्यालय बनकर तैयार, मिलेगा छात्रों को मुफ्त शिक्षा



**लखनऊ।**उत्तर प्रदेश की योगी सरकार राज्य में आगामी एकेडमिक सेशन में 1440 छात्रों को अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिया जाएगा. प्रत्येक विद्यालय में दो सेक्शन में कुल 80 छात्रों को प्रवेश दिए जाने की तैयारी है. इसके लिए प्रदेश के विभिन्न 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय तैयार किए जा रहे हैं. इनमें से सात बनकर पूरी तरह तैयार हैं. यदि किसी वजह से समय पर बाकी विद्यालय तैयार नहीं हो सके तो बाकी बच्चों को करीब के फंक्शनल आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाया जाएगा. मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के समक्ष हुई हाई लेवल मीटिंग में यह जानकारी दी गई है.प्रिंसिपल एवं स्टाफ की नियुक्ति की प्रक्रिया भी जल्द शुरू कर दी जाएगी. उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में कहा था कि अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण की बड़ी कार्रवाई को सरकार ने अपने हाथों में लिया है. प्रदेश के सभी मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय स्थापित किए जाने की कार्रवाई राज्य सरकार द्वारा की जा रही है. प्रथम चरण में प्रदेश की 18 कमिश्नरी में 18 अटल आवासीय विद्यालय प्रदेश में स्थापित करने जा रहे हैं. प्रदेश की 18 कमिश्नरी मुख्यालय पर 12 से 15 एकड़ के क्षेत्रफल में ये विद्यालय बनेंगे.छात्रों का चयन स्टेट रिजर्वेशन पॉलिसी के अनुसार किया जाएगा. शुरूआती वर्षों में छात्रों का चयन सीबीएसई के द्वारा किया जाएगा, जबकि बाद में मंडल संचालन समिति छात्रों का चयन करेगी. फिलहाल एडमिशन पॉलिसी का प्रॉसेस पूरा हो चुका है शासन से अप्रूवल मिलने के बाद नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा और फिर एग्जाम के जरिए चुनिंदा छात्रों की काउंसिलिंग के माध्यम से फाइनल एडमिशन किया जाएगा. संभावना है कि मई 2023 में एग्जाम कंडक्ट कराया जा सकता है और जून 2023 में फाइनल एडमिशन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगीआगामी सेशन के लिए स्टाफ का सेलेक्शन भी जल्द किया जाएगा. परमानेंट स्टाफ का का सेलेक्शन सीबीएसई के जरिए होगा

## पहले चरण के मतदान के बीच किस दल का कैसा रहा परफॉर्मेंस

गुजरात में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान जारी है. वैसे तो फर्स्ट फेज के लिए सभी राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. लेकिन भारतीय जनता पार्टी के लिए ना सिर्फ ये चुनाव बल्कि पहला चरण भी बड़ा चैलेंज है. क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गृह राज्य होने के चलते गुजरात का रण जीतना बीजेपी के लिए नाक का सवाल है, वहीं पहले चरण की बात करें तो यहां भी बीजेपी की चुनौती कम नहीं है क्योंकि बीते चुनाव यानी 2017 में इस चरण में बीजेपी का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा था. ऐसे में बीजेपी की कोशिश होगी कि इस चरण में वापसी के साथ चुनाव जीतकर एक बार फिर गुजरात पर कब्जा जमाए वहीं अन्य दलों कांग्रेस ौर आम आदमी पार्टी के लिए इसी चरण में बीजेपी को और पीछे धकेलने की मंशा है ताकि उन्हें भी चुनाव में बढ़त मिले और जीत का रास्ता भी आसानी से तय कर सकें. वैसे तो आम आदमी पार्टी के लिए पहला विधानसभा चुनाव है, लेकिन इस चरण में बीते वर्ष किस पार्टी ने कैसा परफॉर्म किया इस पर एक नजर डालते हैं.

**पहले चरण में 89 सीटों पर मतदान**–एक दिसंबर को गुजरात के रण का पहली परीक्षा हो रही है. पहले चरण के लिए 89 सीटों को जीतने के लिए वोटर्स अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं. इस रण में सभी दलों के कुल 788 उम्मीदवार अपने-अपने भाग्य को आजमा रहे हैं. इस चरण में कुल 19 जिले कवर हो रहे हैं. यही वजह है कि इस चरण में बढ़त बढ़ाने वाली पार्टी के लिए जीत की राह आसान हो जाएगी. दो करोड़ से ज्यादा मतदाता इस चरण में प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे.

**2017 में 89 सीटों पर दलों का प्रदर्शन**–बीते विधानसभा चुनाव यानी वर्ष 2017 में पहले चरण की 89 सीटों की बात की जाए तो यहां 68 फीसदी वोटिंग हुई थी. इस वोटिंग के साथ बीजेपी ने कुल 89 सीटों में से 48 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि कांग्रेस के हिस्से में 39 सीटें आई थीं. यानी बीजेपी आधे से कुछ अधिक सीटों को जीतने में कामयाब रही थी. इसके अलावा दो सीटों पर बीटीपी और एनसीपी को सफलता हाथ लगी थी.



**बीजेपी के लिए चुनौती**–वर्ष 2017 में बीजेपी ने कुल 89 सीटों में से 48 पर कब्जा जमाया यानी परफॉर्मेंस की बात की जाए तो ये 50 फीसदी से कुछ अधिक रहा. नतीजा इस चुनाव में बीजपी तिहाई का आंकड़ा छू नहीं पाई और कुल 99 सीटों पर ही सिमटकर रह गई. ऐसे में इस बार बीजेपी के लिए चुनौती है कि पहले चरण के बंपर सीटों पर कब्जा जमाए ताकि तिहाई के आंकड़े को तो छुए ही साथ ही जीत का रास्ता भी सुनिश्चित कर ले.

**सौराष्ट्र-कच्छ में बड़ी टक्कर**–पहले चरण में सौराष्ट्र और कच्छ बीजेपी की राह का बड़ा रोड़ा बन सकते हैं. यहां बीते चुनाव में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया था. इन इलाकों में कुल 65 सीटें आती हैं, इनमें से 28 को कांग्रेस ने फतह किया जबकि, बीजेपी को 20 सीटों से ही संतोष करना पड़ा. इस बार बीजेपी के लिए जरूरी है कि वो सौराष्ट्र और कच्छ इलाकों में बेहतर प्रदर्शन करें.

**मोरबी फिर बिगाड़ सकता है खेल**–पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान पहले चरण यानी जिन 19 जिलों में मतदान होना है वहां बीजेपी को सात जिलों से सिर्फ निराशा हाथ लगी. खास तौर पर मोरबी इस बार भी बीजेपी का खेल बिगाड़ सकता है. दरअसल 2017 के चुनाव में 7 जिलों में भारतीय जनता पार्टी अपना खाता भी नहीं खोल पाई. इन सात जिलों में मोरबी प्रमुख रूप से शामिल है. इस वर्ष मोरबी पुल हादसा किसी से छिपा नहीं 150 लोगों की मौत की वजह से गुजरात चुनाव की तारीखों की घोषणा में देरी हुई.

**इन जिलों पर बीजेपी की नजर**–बीजेपी के लिए जिन सात जिलों में खाता नहीं खुला उन पर इस बार नजर रहेगी. ये जिले हैं मोरबी, सोमनाथ, अरावली, नर्मदा, डांग्स, अमरेली और तापी.

# अंग्रेजी देख गच्चा खा गए 4 शिक्षकों ने कोर्ट का आदेश बताकर खुद का रोका ट्रांसफर, फिर ली मनचाहे जगह ज्वाइनिंग, जानिए कैसे हुआ खेला

**गरियाबन्द**. शिक्षा विभाग में इन दिनों गैर जिम्मेदाराना हरकत देखने को मिल रही है. ऐसे में एक बार फिर एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुन आप भी हैरान रह जाएंगे. हुआ कुछ यूं कि छुरा से मैनपुर तबादला होकर आए 4 शिक्षकों ने कोर्ट का ट्रांसफर का स्टे आर्डर बताकर फिर से छुरा वापसी का आदेश निकलवा लिया. हालांकि, आदेश निकालने वाले बीईओ को भनक लगी कि कोर्ट ने कुछ और कहा है तो अपने आदेश को निरस्त कर दिया. अब डीईओ ने मैनपुर बीईओ को शो कॉज नोटिस थमाकर कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं.

बता दें कि, शिक्षा विभाग फिर से अपने कारनामों को लेकर सुर्खियों में आ गया है. इस बार अफसर नहीं मातहतों का ऐसा कारनामा सामने आया है, जिसे सुनकर अच्छे-अच्छे के होश उड़ जाएंगे. छुरा विकास खण्ड के कुरूद में पदस्थ सहायक शिक्षक फडेन्द्र साहू, सरकं?ा में पदस्थ प्रेमदास मार्कण्डेय, चरौदा में पदस्थ सुखसागर कुर्रे, और कूटेना में पदस्थ अनुज कुमार का तबादला मैनपुर के स्कूलों में हुआ था. भारी मशक्कत के बाद चारों ने 10 दिन पहले ही मैनपुर के बाहरापारा,जरहिडीह, डूमाघाट, घुमरापदर में ज्वाइन कर लिया था. महाशयों को स्कूल अपने पसंद का मिला नहीं,



कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला–गरियाबंद(छ.ग.)

जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद (छ.ग.)

इसलिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया वहां से अंग्रेजी में लिखा एक आदेश की कॉपी साथ लेकर मैनपुर बीईओ आर आर सिंह के दफ्तर पहुंच बकायदा कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए चारों ने एक-एक पत्र थमा कर ज्वाइनिंग आदेश निरस्त करवा दिया.

इतना ही नहीं आदेश तो निरस्त कराया ही, साथ ही वापस छुरा के स्कूल में जाने का आदेश भी निकलवाया. जिसके बाद चारों ने मनपसंद जगह फिर से ज्वाइनिंग कर ली. हालांकि, देर शाम जब मैनपुर बीईओ को पता चला कि कोर्ट के आदेश में कुछ और ही लिखा है तो उनके पांव तले जमीन खिसक गई. अंग्रेजी में लिखे आदेश को जब हिंदी अनुवाद कराया गया तो पता चला उन्हें अपने तबादला निरस्त कराने जिला समिति यानी कलेक्टर के समक्ष अपनी बात रखनी होगी, या फिर दोबारा अभ्यावेदन प्रस्तुत करना होगा.

**निरस्त किया आदेश**–बीईओ ने ट्रांसलेट समझते ही अगले दिन यानी 29 नवम्बर को अपने 28 को जारी किए आदेश को निरस्त कर दिया, उधर छुरा बीईओ को भी जॉइनिंग आदेश निरस्त कर उन्हें दोबारा मैनपुर के लिए रिलीव करना प?ा. इस पूरे मामले में डीईओ के कथित रिश्तेदार कहे जाने वाले प्रेमदास मार्कण्डेय की भूमिका अहम है. मैनपुर बीईओ आर आर सिंह ने अपने अधिकारी का नाम लिए बगैर कहा कि उनके अधिकारी ने ही कोर्ट आदेश का पालन करने कहा था. शासन स्तर पर भी उन्हें निर्देश मिला हुआ है कि कोर्ट के आदेश की अवहेलना न हो. हालांकि, बीईओ सिंह ने माना कि शिक्षकों के लिखित आवेदन देने पर वे कोर्ट के टिप्पणी को देखना प?ना उचित नहीं समझे, जब समझ में आया तो आदेश निरस्त कर दिया.

**2 बीईओ सिंह को शो काज नोटिस जारी**–वहीं इस कांड के बाद अब मामले में मरहम पट्टी लगाने की कोशिश शुरू हो गई. आज यानी 30 नवम्बर को डीईओ करमन खटकर ने बीईओ सिंह और छूरा बीईओ केएल मतावले को शो काज नोटिस जारी किया है. जिसमें अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता का हवाला दिया गया है. 12 दिन के भीतर इन सभी को जवाब प्रस्तुत करना होगा. जवाब सन्तोषप्रद नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी.

इसके अलावा उन 4 शिक्षकों को भी नोटिस जारी किया जाना था,लेकिन उन्हें जारी नहीं किया गया है. इन्होने ही क्ष्श्वह्र को गुमराह किया था.

# गरियाबंद हीरे की चमक पर तस्करों का दाग, हीरों की खदान पर माफिया का राज, बिना लाइसेंस हो रही खुदाई, धरती का सीना चीर बेशकीमती रत्न चुरा रहे तस्कर, क्या बौना पड़ गया सिस्टम

**गरियाबंद** ~–देश की सबसे बड़ी हीरों की खदानों में से एक पायलीखंड हीरा खदान तस्करों के कब्जे में है. यहां बड़े पैमाने पर अवैध खुदाई से हर रोज बड़ी मात्रा में हीरा की तस्करी हो रही है. खदान चालू करने के लिए सरकार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करने पर यह खदान एक बार फिर सुर्खियों में आ गई है. चलिए हम आपको यहां की ताजी तस्वीरों के साथ हालातों से रूबरू कराते हैं.नदी-नालों से होकर गुजरती कच्ची सड़क, टूटे हुए तार के घेरे में सुरक्षाकर्मियों के उजड़े हुए बैरक, यह बताने के लिए काफी है कि गरियाबंद जिले के पायलीखंड की वर्ल्ड क्लास बेशकीमती हीरा खदान की सूरक्षा कितनी मजबूत है.यही नहीं खदान के लगभग 10 किमी इलाके में ताजा खनन के गहरे गढ्ढे, और नदी किनारे पानी में धोकर मिट्टी से हीरा अलग लोगों की तस्वीरें साफ बताती है कि यहां कितने बड़े पैमाने पर अवैध उत्खन्न हो रहा है. ग्रामीणों की माने तो पुलिस की आवाजाही बरसात में नदी उफान पर होने के कारण जब बन्द हो जाती है तो यंहा तस्करों को जमावड़ा लग जाता है.बता दें कि 32 साल पहले पायलीखंड में हीरा होने की पुष्टि हुई थी. सन 2000 में छतीसगढ़ पृथक राज्य बनते ही खदान की सूरक्षा का जिम्मा सीआरपीएफ को सौंप दिया गया, लेकिन 2009 में इस घने जंगली इलाके को नक्सलियों ने अपना



ठिकाना बना लिया. इसके बाद शासन ने सुरक्षा के लिहाज से तैनात बल को यहां से हटा लिया.सुरक्षा जवानों के हटते ही नक्सलियो ने सुरक्षाकर्मियों के बैरक उड़ाकर यहां अपनी पैठ मजबूत कर ली. 2016 तक नक्सलियों के साय में यहां बड़े पैमाने पर हीरा की अवैध तस्करी जारी रही. 2016 में जब पायलीखंड के नाम पर जुगाड़ में थाना खोला गया तो तस्करी पर अंकुश जरूर लगा मगर तस्करी बंद नही हुई.आंकड़े बताते हैं कि 5 साल में पुलिस ने 12 मामले में 19 तस्करों को दबोचा. उनसे 2210 नग हीरे भी जब्त किए, जिसकी कीमत 2 करोड़ से ज्यादा बताई गई. खदान से अवैध उत्खन्न और हीरा तस्करों पर लगाम लगाने पुलिस लगातार कौशिश कर रही है.जानकारों के मुताबिक प्यालीखंड खदान 4600 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैला हुआ है. अविभाजित मध्य प्रदेश में खदान से हीरा निकालने की अनुमति वी विजय कुमार की डिबीयर्स कंपनी को दी गई थी. कंपनी ने यहां पंडरी पानी गांव में अपनी प्रयोगशाला और बड़ी खनन मशीन भी स्थापित की.कंपनी के काम शुरू करने से पहले ही छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश से अलग राज्य बन गया. राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने अनियमितताओं को खोजने के बाद डाइबर्स कंपनी के साथ किए गए अनुबंध को रद्द कर दिया। सरकार के फैसले के खिलाफ कंपनी कोर्ट गई थी. हाईकोर्ट में मामला 2008 से लंबित है.

# गरियाबंद कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देश पर जन–चौपाल में लोगों की समस्याओं का तत्काल निराकरण हो रहा है

गरियाबंद ङ्क संयुक्त जिला कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार को जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। गरियाबंद कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देश पर जन-चौपाल में लोगों की समस्याओं को सम्बंधित अधिकारियों द्वारा त्वरित सुनवाई की जा रही है।ग्राम कोपरा से आई श्रीमति अनुसुईया मारकंडे ने आयोजित जन-चौपाल में अपनी समस्या के त्वरित निराकरण कराने में सफलता हासिल की है, उन्होंने जन चौपाल में राशन कार्ड निरस्त होने के संबंध में अपनी समस्या बताई। कलेक्टर मलिक के निर्देश पर जिला खाद्य अधिकारी ने आवश्यक जानकारी लेकर उनकी समस्या का तत्काल निराकरण किया, साथ ही मौके पर



राशन कार्ड में सुधार कर अनुसुईया को प्रदान किया गया।समस्या के त्वरित निराकरण होने पर आवेदिका श्रीमति अनुसुईया ने खुशी ?ाहिर करते हुए गरियाबंद कलेक्टर और शासन-प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है। इसी प्रकार ग्राम सेम्हरा से आए तिहारू राम ने आधार प्रणामीकरण नहीं होने व शारीरिक असमर्थता के कारणों से राशन कार्ड पर आबंटित सामग्रियां नामांकित व्यक्ति को उचित मूल्य की दुकान के माध्यम से प्राप्त करने हेतु ईपीस डिवाइस नॉमिनी प्रावधान देने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था, जिस पर खाद्य विभाग द्वारा संज्ञान में लेकर तत्काल निराकरण किया गया।

# अमलीपदर क्षेत्र खबर-प्राथमिक शाला डंगियापारा में आखर अंजोर श्रेष्ठ पालकत्व प्रशिक्षण संपन्न

संवाददाता हेमचंद नागेश



गरियाबंद जिला मैनपुर ब्लॉक नवीन तहसील कोर्ट अमलीपदर क्षेत्र ग्राम भेजीपदर प्राथमिक शाला डंगियापारा में आखर अंजोर श्रेष्ठ पालकत्व प्रशिक्षण संपन्न किया गया छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 29/11/2022 से 30/11/2022 प्राथमिक शाला डंगिया पारा के मास्टर ट्रेनर नीलाधर प्रधान द्वारा दिया गया। मां भारती के छायाचित्र पर अध्यक्ष महोदय व समिति के सदस्यों द्वारा पूजा अर्चना करके प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। समिति के सदस्यों को आखर अंजोर श्रेष्ठ पालकत्व प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई एसएमसी में 16 सदस्यों का गठन महिला सदस्य 50त्न उनके अधिकार और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। एसएमसी बैठक हर माह के 20 से 25 तारीख तक रखने का बात कहा गया। कोरोना की वजह से बच्चों में जो लर्निंग लॉस हुआ है उसमें बच्चों को नियमित शाला में भेजने साथ ही पालक अपने बच्चों को घर में पढ़ाई लिखाई में स्वयं ध्यान देने पर विस्तृत चर्चा किया गया। द्वितीय दिवस शाला विकास योजना बनाने एवं उस पर पूरा ध्यान देकर कार्य करने पर जोर दिया गया। कमजोर बच्चों को उपचारात्मक शिक्षण देने स्नस्रद्धगतिविधियों के द्वारा बच्चों में गणितीय एवं हिंदी कौशल का विकास करना शाला प्रांगण की साफ सफाई मध्यान भोजन की गुणवत्ता के साथ-साथ समिति के अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में विस्तृत परिचर्चा किया गया। बैठक में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री डिगंबर सोम उपाध्यक्ष श्री केवलराम ध्रुवा प्रधान पाठक श्री टी एस सोम प्रकाश मांझी डींगर मांझी चरण मांझी निंगराज मांझी यशवंती मांझी टनेश्वरी ध्रुवा सुभद्रा मांझी लक्ष्मी मांझी खजंती मांझी देवकी मांझी खरसिह मांझी सभी सदस्य सम्मिलित रहे इस प्रकार यह प्रशिक्षण हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

# समाजसेवी के द्वारा विधायक का सम्मान किया गया



**छुरा**– कल गरियाबंन्द जिले के एक दिवसीय छुरा ब्लांक के ग्राम साजापाली में क्षेत्रीय दौरा के कार्यक्रम में रहे प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा राजिम विधायक माननीय श्री अमितेश शुक्ल जी से समाजसेवी मनोज ने मुलाकात कर सम्मान किया गया।जिसमें प्रमुख रुप से राष्टीय मजदूर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पुनितराम ठाकुर,मिथलेश साहू, पूरन सिंह ठाकुर,बलीराम ठाकुर,उपस्थित थे।

# प्रमोशन की मलाई पर जांच की खटाई: अधर में 552 सहायक शिक्षकों की पदोन्नति, नाकाम हुए ज्वाइंट डायरेक्टर के पाले में छानबीन, जांच से पड़ेगी अफसरों पर आंच, बेनकाब होंगे कई चेहरे

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में पदोन्नति की मलाई पर जांच की घटाई पड़ गई है. गरियाबंद में 552 सहायक शिक्षको की पदोन्नति अधर में है. डीईओ पदोन्नति कराने में नाकाम साबित हुए हैं, इसलिए अब सयुंक्त संचालक के पाले में जांच और पदोन्नति का अधिकार चला गया है, क्योंकि इस लिस्ट से फर्जीवाड़ा और झोलझाल की बू आ रही हैप्रमोशन की मलाई पर जांच की खटाई~ अधर में 552 सहायक शिक्षकों की पदोन्नति, नाकाम हुए ष्ठश्वह्र, ज्वाइंट डायरेक्टर के पाले में छानबीन, जांच से पड़ेगी अफसरों पर आंच, बेनकाब होंगे कई चेहर गरियाबंद छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में पदोन्नति की मलाई पर जांच की घटाई पड़ गई है. गरियाबंद में 552 सहायक शिक्षको की पदोन्नति अधर में है. डीईओ पदोन्नति कराने में नाकाम साबित हुए हैं, इसलिए अब सयुंक्त संचालक के पाले में जांच और पदोन्नति का अधिकार चला गया है, क्योंकि इस लिस्ट से फर्जीवाड़ा और झोलझाल की बू आ रही है.दरअसल, 7 साल से लंबित मैनपुर में नियुक्त कथित 132 फर्जी शिक्षाकर्मियों की जांच 139 पर भी कार्रवाई नहीं हुई है, फिर भी जिला शिक्षा अधिकारी ने पदोन्नति सूची में नाम शामिल कर दिया था. इसलिए सयुंक्त संचालक ने टी संवर्ग के 552 सहायक शिक्षकों की पदोन्नति रोक दी गई है. सचिव को पत्र लिख कर कहा गया है कि संचनालय स्तर के अफसरों की टीम बनाकर पहले जांच करना उचित होगा, फिर पदोन्नति दी जाएगी.विभिन्न खरीदी और नियुक्ति को लेकर सुर्खियों में रहने वाले जिला शिक्षा विभाग फिर एक बार अपनी लापरवाही के कारण सुर्खियों में आ गया है. ताजा मामला पदोन्नति का है. शासन के निर्देश पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में अक्टूबर माह में पदोन्नति कर लिया था, लेकिन गरियाबन्द इस मामले में भी पिछड़ गया.जिला शिक्षा विभाग के ढुलमुल रवैये के अलावा लापरवाही के कारण टी संवर्ग के 552 सहायक शिक्षकों की पदोन्नति अब अधर में लटक गई है. सयुंक्त संचालक के कुमार ने 28 नवम्बर को शिक्षा सचिव डॉ एस भारती दासन को एक अर्ध शासकीय पत्र भेजा है, जिसमें कहा गया है कि जनपद सीईओ मैनपुर द्वारा उन 132 शिक्षाकर्मियों के नाम पदोन्नति में शामिल नहीं करने का आग्रह डीईओ को किया था, जिनके विरूद्ध वर्ष 2016 से जांच लंबित है. बावजूद टी सवर्ग के 552 की सूची में इन 132 के नाम शामिल कर दिया गया है.2016 की जांच में जिन 139 कर्मियों पर कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी. वह भी लंबित है, इसलिए संचनालय स्तर से टीम गठित कर जांच करने और इस जांच के बाद ही पदोन्नति करना उचित होना कहा गया है. पत्र की प्रतिलिपि गरियाबन्द कलेक्टर डीईओ को भी जानकारी के लिए भेजी गई है. इसमें दो बड़ी वजह है, जिसके चलते संचनालय स्तर के टीम को नए सिरे से जांच करने की जरूरत पड़ी.





**कारण 1– जांच में कई विषंगतियां**– सयुंक्त संचालक के पत्र में बताया गया है कि जनपद पंचायत मैनपुर द्वारा 2005 से 2007 में स्वीकृत 454 पद पर शिक्षाकर्मी वर्ग 3 की भर्ती की गई. दिव्यांगता अनुभव, खेल कूद और एनसीसी जैसे कैडेट के फर्जी दस्तावेज के जरिये नौकरी हासिल करने की शिकायत की जांच 2016 में तत्कालीन जिला सीईओ के नेतृत्व में गठित कमेटी ने की.जांच में 322 अभ्यर्थी उपस्थित हुए इन्हीं में से 139 का दस्तावेज सही होना बताया गया. 129 को फर्जी बताकर कमेटी ने नियुक्ति निरस्त करने कहा. इसी में से 65 के दस्तावेज सम्बंधित संस्थान को परीक्षण के लिए भेजने कह दिया.इस प्रतिवेदन के बाद मामले में क्या हुआ कहीं जिक्र नहीं, न तो सम्बन्धितों को कोई नोटिस तामिल की गई, न ही गोपनीय चरित्रावली में कार्रवाई की कोई जिक्र की गई. तत्कालीन कमेटी की दोष पूर्ण जांच के अलावा कई विषंगतिया सामने आई. इसी वजह से निरस्त करने की कार्यवाही लंबित है.

कारण 2- 132 की जांच अधर में लटकी है- 2016 के जांच में जो 132 लोग शामिल नहीं हुए उनके पाक साफ होने पर संशय बना हुआ है. सवाल यह भी है कि इनकी जांच पिछ्ले 8 साल से लंबित क्यों है. जांच के दायरे में होने के बावजूद जो लोग शामिल नहीं हुए, उन्हें पदोन्नति सूची में शामिल नहीं करने जनपद सीईओ के पत्र के बावजूद उनका नाम सूची में शामिल है.

सूची को डीईओ ने विवादास्पद कर पदोन्नति प्रकिया को दूषित कर दिया है. पूर्व में जिन्हें जांच का जिम्मा मिला, वे अपने रिश्तेदार और निजी स्वार्थ के चलते ऐसे लोगों के नाम को कार्रवाई से हटा दिया था, जिससे ऐसे दर्जन भर लोग कार्यवाही के दायरे से बाहर हो गए.

**लगातार हो रहे ब्लैकमेलिंग के शिकार**– मैनपुर शिक्षाकर्मी भर्ती कांड के न्यौक्ताओ पर कानूनी कार्रवाई हो चुकी है. बावजूद मामला विगत 18 वर्षों से दस्तावेजों के पेंच में फंसा हुआ है. इन 18 साल में अधर में लटके कर्मियों को निजी हो या सरकारी क्षेत्र या फिर जनप्रतिनिधियों से कई दफे ब्लैक मेलिंग का शिकार होना पड़ा है. सिलसिला अब भी रुका नहीं है, जबकि इन सभी का संविलियन से लेकर नियमितीकरण तक हो चुका है.नियुक्ति मामले के सारे रिकॉर्ड भी जल कर खाक हो चुका है. इतने साल की नौकरी में कर्मियों का कानूनी पक्ष भी मजबूत हो चुका है. जांच जांच के खेल के दरम्यान मानसिक रूप से परेशान होकर कई कर्मियों की मौत भी हो चुकी है, कुछ ने तंग आकर नौकरी तक छोड़ दी है. संचनालय स्तर पर जांच हुई तो मामले में पारदर्शिता होने व प्राकृतिक न्याय की उम्मीद जाग गई है.

गौ रक्षकों की उठी आवाज गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करे सरकार

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा का माल्यार्पण कर गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए की जमकर नारेबाजी

ग्वालियर गौले के मंन्दिर पर राष्टपति द्वारा सम्मानित गौरक्षा संगठन प्रमुख सन्तोष चौहान के नेतृत्व में चल रहे धरना प्रदर्शन मे भाग लेकर गौ रक्षक भारत सरकार से गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किये जाने की मांग कर रहे हैं गौ रक्षक सन्तोष चौहान ने बताया की गाय सनातन थर्म का मुल आधार है भारतीयों की आस्था का केन्द्र हे सनातन धर्म प्रधान भारत में देव स्वरूप माने जाने वाली गौ माता की सरकार.समाज की अनदेखी के चलते दुर्दशा हो रही है घर घर में पुजे जाने वाली गाय रोड पर भटक रही है कचरा खाने को मजवुर हो रही है भुख प्यास से व्याकुल हो कर तडप तडप के मर रही है गौ संरक्षण सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित जाना अति आवश्यक है जिसके लिए हम गौ रक्षक धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार से निवेदन कर रहे हैं




**ग्वालियर गोले के मंन्दिर पर वनी अस्थाई गौशाला में नही रख रखाव के समुचित इंतजाम**–सन्तोष चौहान ने गोले के मंन्दिर पर वनी अस्थाई गौशाला के हालातों को वताते हुये कहा की उक्त गौशाला में नगर निगम गायों को लाकर रख तो देती है लेकिन उनके रख रखाव चारे पानी सर्दी से वचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं करती सर्दी के कारण रोज गायों की मौत हो रही है सन्तोष चौहान ने कहा की प्रशासन ने गायों के लिए जल्द ही समुचित व्यवस्था प्रवंध नही किये तो नगर में जन आंदोलन चला कर प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जायेगा प्रदर्शनकारी गौ रक्षकों ने गौले के मंन्दिर चौराहे पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर चरण वंदना की और गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किये जाने के लिए जमकर नारेबाजी की

# टीन,मिस एंड मिसेज गुजरात 2022 एवं किंग एंड टीन ऑफ इंडिया 2023(सीजन 3)का हुआ समापन

## कलश,एकता,डॉ.नेहा,कशिश,जस्मी,अंजलि रही विजेता

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**सूरत-** शहर के होटल प्रिव्या में रविवार को सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन वाओ विंग्स फोर ड्रीम्स द्वारा करवाया गया।कार्यक्रम में सेलेब्रिटी गेस्ट के रूप में अनुष्का साहा,प्रकाश वाघेला,चित्रा,आर्यन कुमार एवं जुरी मेम्बर में सलोनी जैन,प्रेम गड़ा,सनी जैन आदि मौजूद रहे।वहीं कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में द लोकल कलाकार के फाउंडर गोविंदा उपस्थिति रहे।कार्यक्रम शुरु करने से पहले अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को कई चरणों से गुजरना पड़ा।जिसमें ट्रेडिशनल वियर राउंड,इंट्रोडक्शन राउंड,टैलेंट राउंड,फिटनेस राउंड ,प्रशन उत्तर राउंड आदि शामिल हैं।इस प्रतियोगिता में 40 से ज्यादा लोगो ने हिस्सा लिया।प्रतिभागियों में हेत्वी गजेरा,रूबी,मीरा, उर्वी,कौशिका,जीनल,दृती आदि थे। शनिवार को सभी प्रतिभागियों को ट्रेनिंग नीरजा कलावटिया द्वारा प्रदान कि गई साथ ही सभी प्रतिभागियों का फोटो शूट्स करवाया गया।ग्रैंड फिनाले रविवार के शाम से शुरू हुई जो की देर रात तक चली।कार्यक्रम में विश्वा अजुडिया द्वारा शानदार डांस की प्रस्तुती भी दी गई तथा संगीतकार कृशी भावसर द्वारा भी प्रस्तुति दी सभी उपस्थित लोगों ने तालियों से उनका स्वागत किया



ये रहे विजेता –
किंग ऑफ इंडिया –
विजेता –कलश जरीवाला
प्रथम उपविजेता –शुभम सिंह
द्वितीय उपविजेता –स्वागत लोहार
क्वीन ऑफ इंडिया –
विजेता –एकता रहेजा
प्रथम उपविजेता –शुभ्रिका चौरसिया
द्वितीय उपविजेता –सोनल खेमानी
मिस क्वीन ऑफ इंडिया( स्टार )–
विजेता –अंजलि राठौड़
क्वीन ऑफ इंडिया ( क्लासिक ) –
विजेता –डॉ.नेहा पटेल
प्रथम उपविजेता –वृंदा अजूडिया
द्वितीय उपविजेता –बॉर्नविं मुंस
स्टार ऑफ इंडिया –
विजेता –कशिश मित्तल
प्रथम उपविजेता –रूपा गुप्ता
द्वितीय उपविजेता –वंशिका आहूजा
मिस गुजरात –
विजेता –जैस्मीन लथिया
प्रथम उपविजेता –परी सवज
द्वितीय उपविजेता –जिनल राणा

कार्यक्रम के अंत में प्रीति जैन के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए व सभी का आभार व्यक्त किया गया।शो डायरेक्टर यश थोराट द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मीडिया पार्टनर के रूप में द हिन्द टुडे न्यूज सहयोगी रहा।पार्टनर्स में प्रेशा क्रिएशन,सर्केवाल्याम संगीत क्लास,एस.के इंवेस्टमेंट्स,कुदरत फिल्म,फोटोग्राफर चिंतन मेहता आदि शामिल हैं।

# प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में जिलाधीश ग्वालियर कौशलेंद्र प्रताप सिंह जी से मिले और चर्चा की





आज भितरवार विधानसभा क्षेत्र के चीनोर और भितरवार हसील के किसानों और जनप्रतिनिधियों का प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में जिलाधीश ग्वालियर कौशलेंद्र प्रताप सिंह जी से मिला प्रतिनिधिमंडल से चर्चा में एडीएम एच बी शर्मा , जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी जी , एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे प्रतिनिधिमंडल की मांगों में (1) चीनोर और करहिया क्षेत्र की सभी सहकारी संस्थाओं का खाद उनकी मांग के अनुसार चीनोर से वितरित करने की मांग रखी चीनौर मैं विगत 2 वर्षों से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का गोडाउन बना हुआ है जिसको हैंडोवर करने की पहल नहीं करने के कारण उपयोग नहीं किया जा रहा हमारी मांग थी कि सरकारी गोदाम से खाद का वितरण किसानों को हो , जिस पर जिलाधीश जी द्वारा 3 दिन में खाद्य वितरण की व्यवस्था चीनौर वेयरहाउस से करने के निर्देश दिए , ( 2 ) भितरवार मंडी में किसानों को जाम की परेशानी से मुक्त कराने के लिए तथा खाद लेने दूर-दूर से आने वाले किसानों की कठिनाई को देखते हुए निकासी गेट बनाए जाने की मांग रखी , जिस पर जिलाधीश महोदय जी द्वारा 2 दिन के अंदर तहसीलदार शिवानी पांडे जी को निकासी गेट बनाने के आदेश दिए ( 3 )किसानों को आ रही खाद की समस्या के वितरण की अव्यवस्था की जानकारी देने और वितरण व्यवस्था सुधारने ही मांग पर , जिलाधीश महोदय ने किसानों के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे स्वयं आज ही भितरवार जाएंगे और किसानों की खाद वितरण की समस्याओं को समाधान करेंगे (4) भितरवार अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में तथा तहसीलदार कार्यालय में विगत कई वर्षों से इंद्राज दुरुस्ती के प्रकरण लंबित है इस समस्या से ग्रसित किसानों के दर्द को समझते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहन सिंह राठौड़ जी द्वारा प्रमुख रूप से उठाया गया तथा अति शीघ्र निराकरण एक विशेष कैंप आयोजित कर सारे इंद्राज दुरुस्ती के प्रकरण का निपटारा किये जाने की मांग रखी , जिलाधीश महोदय द्वारा प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए 7 दिसंबर 2022 को विशेष कैंप रखे जाने के आदेश दिए सभी ग्रामीण जन जिनके भी इंद्राज दुरुस्ती के प्रकरण लंबित हैं वह 7 तारीख को कैंप में आए और अपनी समस्या का समाधान पाएं , कैंप में जिलाधीश ग्वालियर एवं सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहन सिंह राठौड़ सामंजस्य के लिए उपस्थित रहेंगे ,( 5 ) घाटीगांव तहसील में प्रकरण लंबित होने तथा किसानों की परेशानियों के समाधान के लिए एसडीएम घाटीगांव का एक दिन घाटीगांव तहसील मैं निश्चित करने की मांग रखी , इसके समाधान में जिलाधीश महोदय द्वारा प्रत्येक सप्ताह में प्रत्येक शुक्रवार का अनुविभागीय अधिकारी महोदय को बैठने और सुनवाई कर निराकरण करने के आदेश दिए गए हैं अतः आज के प्रतिनिधिमंडल की 5 पांच प्रमुख मांगों पर जिलाधीश महोदय जी द्वारा तत्काल समाधान की कार्यवाही की गई चर्चा के अन्त में वरिष्ठ भाजपा नेता द्वारा माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी , केंद्रीय मंत्री और परिवार के मुखिया श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी , प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट जी, एवं सांसद विवेक नारायण शेजवलकर जी के निर्देशों अनुसार कार्य करते हुए जिला प्रशासन द्वारा किसान हितैषी सरकार के प्रतिनिधि के नाते जिलाधीश महोदय कौशलेंद्र विक्रम सिंह जी द्वारा किसानों को आश्वस्त किया की सभी मांगे किसानों के हित में है और प्रशासन वरिष्ठ नेतृत्व के निर्देशानुसार तत्काल समाधान के लिए तत्पर है किसानों के आए हुए प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेश के मुखिया और वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण जाटव भाजपा नेता सतेन्द्र धाकड़ , उदय भान सिंह रावत , संदीप सक्सेना सनी पहलवान और भी सब नाम लिख देना

# आम आदमी पार्टी ने अतिथि विद्वानों को नियमित करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** प्रेस को जारी विज्ञप्ति में आम आदमी पार्टी यूथ बिंग के सचिव तरुण राठौर ने बताया कि आज आम आदमी पार्टी यूथ बिंग ने संभागीय प्रभारी हिमांशु चौहान के नेतृत्व में आप के प्रतिनिधि मंडल के साथ अतिथि विद्वानों को नियमित करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम प्रदीप तोमर को सौंपा ज्ञापन। उक्त ज्ञापन देते हुए ÷आप÷ के संभागीय अध्यक्ष रोहित गुप्ता एडवोकेट ने एस डी एम प्रदीप तोमर से कहा कि हक अधिकार का पाठ पढ़ाने वाले अतिथि विद्वान सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं शिवराज सिंह सत्ता के नशे में मस्त है घोषणावीर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान घोषणा करके भूल जाते हैं इसलिए आप यूथ बिंग उक्त ज्ञापन के माध्यम से शिवराज सिंह को याद दिलाना चाहती है कि आपके द्वारा कई बार सार्वजनिक रूप से घोषणा कर अतिथि विद्वानों को नियमित करने की बात कही गई लेकिन आज तक अतिथि विद्वानों को मुख्यमंत्री ने नियमित नहीं किया अगर जल्द ही अतिथि विद्वानों को नियमित नहीं किया गया तो आम आदमी पार्टी एक बड़ा आंदोलन करेगी जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।आगे बात करते हुए यूथ विंग के संभागीय प्रभारी हिमांशु चौहान ने कहा कि ग्वालियर शहर में अतिथि विद्वान नियमितीकरण संघर्ष मोर्चा द्वारा विगत 36 दिनों से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है मगर ग्वालियर में 2 केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के 5 मंत्री होने के बावजूद भी कोई भी जनप्रतिनिधि उनसे मिलने नहीं गया ना ही उनकी समस्या सुनी गई जिससे युवाओं में काफी रोष है क्योंकि उनके गुरु सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं अगर सरकार ने जल्द हो अतिथि विद्वानों को नियमित नहीं किया तो आप यूथ विंग चरणबद्ध आंदोलन करेगी।उक्त ज्ञापन को सौंपने बालों में मुख्यरूप से हिमांशु चौहान,रोहित गुप्ता एडवोकेट,भानु परिहार,कुलदीप बाथम,मनीष सिसोदिया, कृष्णा कुशवाह,तरुण राठौर,आयुष कुशवाह, योगेंद्र तोमर,तरुण राठौर,अर्जुन शर्मा आदि उपस्थित थे।



# केआरजी में एड्स दिवस पर छात्राओं ने किया रक्तदान





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर-** अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस पर शहर के शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय ग्वालियर में रक्तदान शिविर और रक्तदान जागरूकता पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें जीआरएमसी हॉस्पिटल की मेडिकल ऑफिसर डॉ अनीता आर्य ने रक्तदान हेतु छात्राओं को जागरूक किया।उन्होंने छात्राओं के प्रश्नो के संतुष्टि पूर्वक जवाब देकर रक्तदान से संबंधित छात्राओं के प्रश्नों और शंकाओं को दूर किया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती मीना सचान ने छात्राओं को रक्तदान हेतु प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्वालियर चंबल संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ के रत्नम ने छात्राओं को रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के लिये प्रोत्साहन दिया और भविष्य में इसको निरंतर रखने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम आर कौशल ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं को रक्तदान के हेतू हिम्मत जुटाने हेतू बधाई दी।महाविद्यालय की वनस्पति शास्त्र के प्राध्यापक डॉ मधु लक्ष्मी शर्मा ने रक्तदान का अनुभव छात्राओं के साथ साझा किया।व्याख्यान के पश्चात एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीणा शुक्ला और स्वयंसेविकाओं अनामिका राठोर, आंचल कुशवाह,शिवानी राजोरिया, प्रकृति शर्मा,कोमल शर्मा,खुशी भदोरिया,पूजा धाकड़,इशरत खान, मुस्कान गोस्वामी,मोना गोस्वामी द्वारा कुल 12 युनिट रक्त का रक्तदान कर ब्लड बैंक को दिया गया।रक्तदान हेतू 55 छात्रा ओ द्वारा पंजीकरण कराया गया।लेकिन स्वास्थ्य की दृष्टि से डाक्टर्स की टीम ने शेष छात्राओं को मना कर दिया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ हरीश अग्रवाल,समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.जयश्री चौहान,डॉ.नीरू गुप्ता डॉ.सुनीति श्रीवास्तव उपस्थित रही।रक्तदान शिविर का आयोजन एच डी एफ सी बैंक के सहयोग से किया गया।कार्यक्रम का मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीणा शुक्ला और आभार कार्यक्रम अधिकारी डॉ कृष्णा सिंह द्वारा किया गया।

# एक शाम गौ माता के नाम भजन संध्या का आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**

मुम्बई।उलवे नोड में शिव शक्ति नवयुग मित्र मण्डल के तत्वाधान में एक शाम गौ माता के नाम भजन संध्या का आयोजित हुई।जिसमे राजस्थान एवम देश में प्रख्यात संत शिरोमणि सोनू महाराज के ओजस्वी वाणी द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए एवम उनके प्रवचनों से सभी धन्य हो गए। गुरुजी ने समाज की कई कुरीतियों से कैसे बचे और अपने मानव जाति का किस तरह से उद्धार करे उसके बारे में बहुत ही विस्तार से बताया।सोनुजी महाराज के सानिध्य में उनके भजनों पर श्रद्धालु झूमते हुए प्रभु की भक्ति में लीन हो गए। इस कार्यकर्म पर 36 कॉम के प्रवासी मौजूद रहें ।कार्यकर्म पर सभी गौ भक्तों ने महाप्रसादी का आनंद लिया।कार्यकर्म का आयोजन भोर तक चलता रहा और अंतिम में श्री बाबा रामदेव पीर सा की आरती कर आयोजन का समापन हुआ।इस कार्यकर्म में उलवे व्यापारी एसोसिएशन ने भी बढ़ -चढ़ कर सहयोग किया और कार्यकर्म के अंत तक बने रहें। शिव शक्ती नवयुग मित्र मण्डल द्वारा उलवे में कई सालों से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन बढ़ चढ़ कर करता आया है। इस अवसर पर इनके सभी कार्यकर्ता किशन सीरवी, नेमाराम पटेल पुनराम देवासी, प्रवीण गुर्जर,ईश्वरसिंह चुंडावत किशोर कासा,देवजी नागदा, लादू सिंह जी, कन्यालाल चौधरी, ललित प्रजापति, दिनेश चौधरी ,गणपत चौधरी, रमेश चौधरी कमलेश चौधरी बलवंत सिंह सुनीलाल जी मांगीलाल, सोहन देवासी, भीम सिंह ,ईश्वर देवासी जीतू भाई ,मुकेश चौधरी, जीवाराम शंकर सिंह चुंडावत मानाराम चौधरी, और भी सभी कार्यकर्ताओं ने चुन्नीलाल चौधरी, कैलाश ,नारायण जाट ,नेमाराम चौधरी ,पुष्कर श्रीमाली मिलकर इस कार्यकर्म को आयोजित किया।




# मृतक पत्रकारो के परिवार को आर्थिक सहायता दिलवाने हेतु मुख्यमंत्री, म.प्र. शासन के नाम जिला कलेक्टर, श्योपुर को दिया





**पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो विनोद पाठक**

**श्योपुर** – मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया की जिला इकाई द्वारा प्रदेश के निर्देशानुसार विदिशा में तीन पत्रकारों की स?क दुर्घटना में हुई दुःखद मृत्यु के बाद मृतक परिवारों को 10-10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की मांग करते हेतु संगठन की चंबल संभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा एवं जिलाध्यक्ष रवीना शर्मा के साथ समस्त जिला कार्यकारिणी ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा गया कि शासन-प्रशासन की योजनाओं का लाभ पी?ित, शोषित व वंचित वर्ग को मिले व अधिमान्य पत्रकारों को दी जाने वाली मासिक सम्मान निधि मृतक के परिजनों को मिले। इस हेतु चंबल संभाग उपाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष रवीना शर्मा, उपाध्यक्ष गणेश पारीक, विनोद पाठक, प्रमुख सचिव बनवारी सोनी (बंटी), सह-सचिव मुकेश गोस्वामी, सचिव कविता सिंह जादौन, कार्यालय मंत्री अनिल शिवहरे, सदस्य अभिषेक गोयल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महेंद्र मुणोत को किया सम्मानित



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू ।**अंचे मनोरंजन कुटा विजयनगर द्वारा आयोजित कन्नड़ राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मारूति मेडिकल के प्रमुख महेंद्र को डाक कर्मचारीयों ने माला व मोमेंटो शॉल द्वारा सम्मानित किया गया ।इस कार्यक्रम में मुणोत ने डाक कर्मचारियों को धन्यवाद दिया ।इस अवसर पर डाक कर्मचारी के बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद थे ।

# बालिका कंचन के हत्यारे को फांसी की सजा होनी चाहिए गोगा देवी नायक

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**

**गंगानगर राजस्थान।** रायसिंहनगर महिला कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष गोगा देवी नायक ने लालगढ़ में बालिका कंचन के हत्यारों को फांसी की सजा की मांग की है उन्होंने कहा की छोटी सी बच्ची को एक दरिंदे ने जिस तरीके से दरिंदगी करके और मौत के घाट उतारा है यह समाज के लिए एक बहुत बड़ा कलंक है जिसे देखते हुए मैं सरकार से मांग करूंगी कि ऐसे दरिंदे को फांसी की सजा होनी चाहिए क्योंकि ऐसी घटना की पुनरावृति ना हो इसलिए ऐसे राक्षस को फांसी की सजा होनी चाहिए क्योंकि अगर एक राक्षस को फांसी की सजा होती है तो दोबारा ऐसी कोई घटना हमारे देश और हमारे राज्य में नहीं होगी मैं गहलोत सरकार से मांग करती हूं कि इस घटना से सबक लेते हुए महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और ऐसे राक्षसों को जल्द से जल्द फांसी दी जाए



## सम्पादकीय

### उम्मीद से खिलवाड़

*इन दिनों हम सबसे ज्यादा उम्मीदें अपने खिलाड़ियों से बांधते हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा नौजवानों वाला देश खेल प्रतिस्पर्द्धाओं में पीछे रह जाए, इसे हम सहज स्वीकार नहीं कर पाते। इसलिए यह उम्मीद बांधी जाती है कि हमारी सरकारें, हमारे खेल संगठन आगे आने वाले खिलाड़ियों को हर मुमकिन मदद देंगे। सरकारें भी कोई कसर न छोड़ने के संकल्प लेती दिखाई देती हैं। लेकिन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को जिस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वह बताता है कि ये संकल्प जमीन पर पहुंचने से पहले ही किस तरह दम तोड़ देते हैं और खिलाड़ियों के सपने किस तरह नौकरशाही के जाल में फंसकर रह जाते हैं। राष्ट्रमंडल खेल लगभग शुरू ही होने वाले हैं और लवलीना का नाम उन कुछ खिलाड़ियों में है, जिनसे देश स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद कर रहा है। लवलीना ने ट्वीट करके बताया है कि उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्हें अपने निजी कोच से प्रशिक्षण लेने नहीं दिया जा रहा। उनके एक कोच को भारत वापस भेज दिया गया है और दूसरी कोच, जो द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता हैं, उन्हें खेल गांव के अंदर नहीं आने दिया जा रहा, क्योंकि उन्हें अभी तक मान्यता कार्ड ही नहीं मिला। लवलीना के ट्वीट का असर यह जरूर हुआ है कि खेल मंत्रालय तक के कान खड़े हुए हैं और मान्यता कार्ड वगैरह जल्द दिए जाने के आदेश जारी हो गए हैं, वरना बॉक्सिंग एसोसिएशन तो नियमों का हवाला देकर अपनी असमर्थता जता रहा था। लवलीना ऐसी पहली खिलाड़ी नहीं हैं, जिन्होंने इस तरह की शिकायत की हो। शिकायतें पहले भी आती रही हैं और ऐसी शिकायतें करने वालों में कई बड़े नाम भी रहे हैं। लेकिन जिस तरह से लवलीना ने इस मामले को ठीक स्पर्द्धा के वक्त देश के सामने उठाया है, उसने खेल प्रशासकों के लिए परेशानी तो खड़ी कर ही दी है। लवलीना वास्तव में इस दौर की एक प्रतिनिधि खिलाड़ी हैं। वह असम के एक बहुत कम चर्चा में रहने वाले जिले गोलाघाट के ऐसे निम्न मध्यवर्गीय परिवार में पली-बढ़ी हैं, जहां अभी तक लोग इतनी बड़ी कामयाबी के सपने भी नहीं देख पाते थे। ऐसी पृष्ठभूमि में रहते हुए उन्होंने ओलंपिक पदक जीतने का जो जज्बा अपने भीतर पैदा किया और उसके लिए जो मेहनत की, उसके लिए पूरा देश हमेशा लवलीना बोरगोहेन का कृतज्ञ रहेगा। सच तो यह है कि पिछले कुछ साल में दुनिया भर में नाम कमाने वाले हमारे ज्यादातर खिलाड़ी ऐसी ही पृष्ठभूमि के हैं। ये खिलाड़ी जब देश के लिए पदक जीतते हैं, तब उन्हें हर तरह की मदद देने की घोषणाएं की जाती हैं। लेकिन असलियत में उनके साथ क्या होता है, यह लवलीना के एक ट्वीट ने जगजाहिर कर दिया है। शिकायत के लिए लवलीना को ट्विटर का सहारा लेना पड़ा, यह भी अपने आप में बहुत कुछ कहता है। इसका अर्थ यही है कि हमारे खेल तंत्र में ऐसी पुख्ता व्यवस्था नहीं है, जहां उपलब्धियों वाले और संभावनाशील खिलाड़ियों की सुनवाई हो सके। अपने ट्वीट में लवलीना ने यह भी कहा है कि वह हाथ जोड़कर कह रही हैं, लेकिन कोई उनकी बात सुन ही नहीं रहा। जब तक हम देश में ऐसा खेल तंत्र नहीं बना लेते, जो खिलाड़ियों की बात पूरी हमदर्दी से सुने और उन्हें समाधान दे, तब तक अंतरराष्ट्रीय खेलों में उनके प्रदर्शन पर उंगली उठाने का कोई अर्थ नहीं।*

## आज का राशिफल



**मेष राशि**- किसी अज्ञात भय से चिंता बढ़ सकती है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आशा-निराशा के मिश्रित भाव मन में रहेंगे। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। माता को स्वास्थ्ड्य विकार हो सकते हैं। रहन-सहन में असहज रहेंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

वृष राशि- माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं।

**मिथुन राशि**- वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बड़ेगा। धर्म-कर्म में रुचि बड़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। संचित धन में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**कर्क राशि**- मन अशान्त रहेगा। धैर्यशीलता बनाये रखने के लिए प्रयास करें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बड़ सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**सिंह राशि**- आत्मविश्वास में कमी रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। बातचीत में संयत रहें। अपनी भावनाओं की वश में रखें। नौकरी में परिवर्तन की परिस्थिति बन सकती हैं। स्थान परिवर्तन के योग भी बन रहे हैं। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे।

**कन्या राशि**- आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मन अशान्त रहेगा। निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। खर्चों की अधिकता रहेगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की स्थिति बन सकती है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। वाहन सुख की प्राप्ति हो सकती है।

**तुला राशि**- धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मानसिक शान्ति रहेगी। वाहन सुख में बढ़ोतरी हो सकती है। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा के भाव मन में रहेंगे। कारोबार विस्तार में भाइयों का सहयोग मिल सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी। जीवनसाथी को स्वास्ड्थ्य विकार रहेंगे। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है।

**वृश्चिक राशि**- पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय बड़ेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। माता को स्वास्थ्ड्य विकार हो सकते हैं। खर्च अधिक रहेगा। भाइयों के सहयोग से आय के स्रोत बनेंगे।

**धनु राशि**- जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। खर्च बड़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। आत्मसंयत रहें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वस्त्रों के प्रति रुझान बड़ेगा। माता का सहयोग मिलेगा। धन की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता के योग हैं। लाभ होगा।


**मकर राशि**- आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। पठन-पाठन में रुचि बड़ेगी। कला एवं संगीत के प्रति रुझान हो सकता है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। पिता का सहयोग मिलेगा। खर्च बड़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ राशि- मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु आत्मविश्वास में कमी रहेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। आशा-निराशा के मिश्रित भाव मन में रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बड़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**मीन राशि**- संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बड़ेगी। कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी।

# बढ़ती आबादी के लिए भोजन, पानी का कैसे होगा इंतजाम

किसी भी देश के विकास का आकलन उसकी गरीबी और गरीबों के आधार पर ही किया जाना चाहिए। दुनिया ने करीब 200 साल में विकास के कई कीर्तिमान गड़े हैं। दूसरी तरफ, विश्व की बड़ी आबादी के पेट व पानी के सवालों को देखें, तो विकास की बात को लेकर हम ज्यादा आश्वस्त नहीं हो सकते। क्या हम सभी को पीने का साफ पानी दे पा रहे हैंड़ जरूरी सुविधाओं की बात छोड़ दें, तो क्या हम सबको पेट भर खाना दे पा रहे हैं। बदलती या बिगड़ती परिस्थितियों का बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसे विषय हैं और उनके कुप्रभावों में पहली बड़ी लात पेट पर ही पड़ेगी। मतलब खाद्य सुरक्षा ही बड़े खतरे में है। वर्ष 2050 तक जो भी आबादी होगी, उसके लिए आज की तुलना में 70 प्रतिशत ज्यादा भोजन की जरूरत पड़ेगी। वहीं अनेक वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण पूरी दुनिया की खेती की पैदावार में 20 प्रतिशत की कमी आ सकती है और आज ही के हालात में बड़ी संख्या में ऐसे भी लोग दुनिया में हैं, जिन्हें पेट भर भोजन भी नहीं मिल पाता है। तब यह समस्या निश्चित रूप से आने वाले समय में एक बड़ी चुनौती बन सकती है। अगर दुनिया भर में करीब 81.10 करोड़ लोग भूखे सोते हैं, तो यह खाद्य सुरक्षा पर अभी ही एक बड़ा सवाल है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, 2019 के बाद भूख की समस्या बड़ी है। करीब 25,000 लोग प्रतिदिन भूख जनित कारणों से काल के गाल में समा जाते हैं। इसमें बच्चों की संख्या ज्यादा है, प्रतिदिन करीब 10,000 बच्चों की भूख जनित कारणों से मौत होती है। भारत में यह माना जाता है कि प्रतिदिन 3,000 बच्चों की मृत्यु सिर्फ भूख जनित कारणों से होती है। अपने देश में ही करीब 20 करोड़ लोग एक समय बिना भोजन सोते हैं। यह आंकड़ा मात्र अपने देश का नहीं है। दुनिया की कहानी है कि करीब 45 देश ऐसे हैं, जहां पांच करोड़ लोग किसी न किसी तरह से भोजन के अभाव में जीते हैं। विडंबना यह है कि 2.5 अरब टन भोजन दुनिया में खराब हो जाता है। यह भी एक तथ्य है कि भारत में करीब 30 प्रतिशत अनाज प्रतिवर्ष बर्बाद हो जाता है, जिसकी कीमत करीब 92 हजार करोड़ रुपये के आसपास है। ऐसे में, हमारी चिंताएं कई स्तर पर बड़ जाती हैं। आने वाले समय में 2050 तक वे कौन सी रणनीतियां होंगी, जिनके दम पर हम बड़ी जनसंख्या को कम से कम भोजन दे पाएंगे। इसी तरह मवेशियों के लिए भी साल 2050 में करीब 70 प्रतिशत अधिक भोजन की जरूरत होगी। पहले ही चारा व लकड़ी के उत्पादन पर भी जलवायु परिवर्तन का प्रतिकूल असर पड़ चुका है। इतना ही नहीं, अब घटते वनों का असर खासतौर से बाड़ और सूखे पर पड़ा है। अजीब बात यह भी है और सच भी कि इन दोनों के कारण एक और समस्या हमें घेर रही है, और वह यह कि हमारा जीवन एवं भोजन अब जहरीले हो चुके हैं। बाड़ से बीमारियां भी आती हैं और सूखे व पानी की कमी से जल प्रदूषित हो जाता है, जिसे हम खेती बाड़ी व पीने में प्रयोग में लाते हैं। यॉर्क यूनिवर्सिटी, कनाडा से आई एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में रसायन, औद्योगिक कचरे या कीटनाशक का खेती में मिल जाना घातक सिद्ध हुआ है और इसी तरह अन्य कई तरह से भोजन जहरीला हुआ है। आंकड़ों के अनुसार, इस वजह से करीब 4.20 लाख लोग प्रतिवर्ष अपना जीवन खो रहे हैं। अब आप देखिए बंदगोभी जैसी सब्जी को ई-कोलाई बैक्टीरिया तेजी से घेर रहा है और यह वह बैक्टीरिया है, जो ढेर सारी व्याधियों को जन्म देता है। इस तरह हमने अपने आपको कई संकटों में डाल दिया है। यह भी सच है कि अगर आज यह सब कुछ त्याग भी दें, तो भी शायद चुनौतियां आने वाले 50 वर्ष तक ऐसी ही बनी रहेंगी। इसका कारण है कि हमने जिस तरह से पृथ्वी और प्रकृति को नकारा है, ये आने वाले समय में हमें जल्दी क्षमा नहीं करने वाली। हमें एक बड़े बदलाव की जरूरत है कि जहां हम एक तरफ, बड़ती आबादी पर तेजी से नियंत्रण करें। वहीं दूसरी तरफ, जीवन की जरूरतों को सीमित रखें और संकट के प्रति गंभीर हों। सुधार की शुरुआत हमें कृषि या खेती से करनी चाहिए, हमारे पास समय कम है।



वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण पूरी दुनिया की खेती की पैदावार में 20 प्रतिशत की कमी आ सकती है और आज ही के हालात में बड़ी संख्या में ऐसे भी लोग दुनिया में हैं, जिन्हें पेट भर भोजन भी नहीं मिल पाता है। तब यह समस्या निश्चित रूप से आने वाले समय में एक बड़ी चुनौती बन सकती है। अगर दुनिया भर में करीब 81.10 करोड़ लोग भूखे सोते हैं, तो यह खाद्य सुरक्षा पर अभी ही एक बड़ा सवाल है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, 2019 के बाद भूख की समस्या बड़ी है। करीब 25,000 लोग प्रतिदिन भूख जनित कारणों से काल के गाल में समा जाते हैं। इसमें बच्चों की संख्या 'यादा है, प्रतिदिन करीब 10,000 ब'चों की भूख जनित कारणों से मौत होती है। भारत में यह माना जाता है कि प्रतिदिन ×,000 बच्चों की मृत्यु सिर्फ भूख जनित कारणों से होती है।

# बराबरी पर आएंगी महिलाएं तो तेज होगी आर्थिक प्रगति

महिलाएं भारत के विकास और संपन्नता में बड़े पैमाने पर योगदान की दिशा में बड़ रही हैं। देश में कामकाजी उम्र की लगभग 43.2 करोड़ महिलाएं हैं, जिनमें से 34.3 करोड़ असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट के अनुसार, महिलाओं को समान अवसर देकर भारत 2025 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद में 770 अरब अमेरिकी डॉलर जोड़ सकता है। हालांकि, जीडीपी में महिलाओं का वर्तमान योगदान 18 प्रतिशत है। अभी भारत में बमुश्किल 10 प्रतिशत उद्यमों या स्टार्टअप का नेतृत्व महिलाएं करती हैं। महिला उद्यमियों को मानसिक व आर्थिक रूप से अधिक मदद देना समय की मांग है। नीति आयोग के पिछले वर्ष के तथ्यों और आंकड़ों पर ध्यान दें, तो स्पष्ट दिखता है कि स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, पोषण, रोजगार से लेकर संपत्ति के स्वामित्व तक जीवन के हरेक क्षेत्र में महिलाओं को असमानता झेलनी पड़ती है। जब फैसला लेने की बात आती है, तब वे पीछे रह जाती हैं। यह असमानता हर क्षेत्र में है। 2011 की जनगणना के अनुसार, देश में महिला साक्षरता दर 65 प्रतिशत है, वहीं पुरुषों में साक्षारता दर 82 प्रतिशत है। अक्सर जब हम लैंगिक मुद्दों पर चर्चा करते हैं, तब भूल जाते हैं कि महिला, पुरुषों के अलावा हमारे बीच किन्नर समुदाय भी है, जिसे समाजिक न्याय की जरूरत है। किन्नर पहले समाज में सम्मानित सदस्य की तरह रहते थे, पर फिल्मों व अन्य वजहों से उनकी छवि खराब हुई। बदले दौर में हमें महिलाओं को ही नहीं, किन्नर समुदाय को भी बराबरी का हक देना होगा। सतत विकास लक्ष्य 2030 की लक्ष्य संख्या पांच का उद्देश्य सभी प्रकार के भेदभाव, हिंसा और गलत प्रथाओं को समाप्त कर महिलाओं की अवैतनिक देखभाल और घरेलू काम को महत्व देकर लैंगिक समानता प्राप्त करना है। यह्त्रियों के लिए राजनीतिक, आर्थिक और सार्वजनिक जीवन में निर्णय लेने के सभी स्तरों पर प्रभावी भागीदारी व समान अवसरों पर भी विचार करता है। जब लैंगिक समानता और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने की बात आती है, तो केरल व सिक्किम को छोड़ लगभग सभी भारतीय राज्य रेड जोन में हैं और उन्होंने सौ में से सिर्फ पचास या उससे कम स्कोर किया है। राज्यों के प्रदर्शन को मापने के लिए नीति आयोग ने छह मानदंडों पर विचार किया है, जिसमें जन्म के समय लिंग अनुपात (प्रति 1,000 पुरुष पर महिला), औसत मजदूरी का अनुपात, 15-49 वर्ष की आयु की विवाहित महिलाओं का प्रतिशत, जिन्होंने कभी पति की हिंसा का अनुभव किया है, राज्य विधानसभा के आम चुनाव में महिलाओं द्वारा जीती गई सीटों का प्रतिशत, महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर का अनुपात और परिवार नियोजन के आधुनिक तरीकों का उपयोग करते हुए 15-49 वर्ष के आयु वर्ग में महिलाओं का प्रतिशत। हर महिला अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने की हकदार है, पर उसके जीवन में लैंगिक असमानताएं इस वास्तविकता में बाधा डालती हैं। जैसे-जैसे उम्र बड़ती है, असमानता भी बड़ती है, इसके परिणामस्वरूप हम देखते हैं कि भारत में संगठित क्षेत्र में केवल एक चौथाई महिलाएं हैं। जन्म के समय लिंगानुपात के मामले में उत्तराखंड का प्रदर्शन चिंतनीय है। वर्ष 2017-19 के बीच राज्य का लिंगानुपात 848 था, वहीं साल 2019-21 में यह घटकर 840 हो गया है, जबकि राष्ट्रीय औसत 899 है, राज्य के लिए यह एक गंभीर और विचार योग्य विषय है। सरकार ने 'बेटी बचाओ बेटी पड़ाओ' की दिशा में अनेक नीतिगत बदलाव किए हैं। इससे भी लिंगानुपात पर असर पड़ रहा है। वर्ष 2021 में पहली बार भारत में प्रति हजार पुरुष पर 1,020 महिला होने का आंकड़ा आया, तो यह गौरव का क्षण था कि हम सामाजिक रूप से अब बेटियों को स्वीकार करने लगे हैं। उम्मीद है, जल्द ही केंद्र व राज्य सरकारें लैंगिक असमानता जैसी चुनौतियों पर भी नीतिगत निर्णय लेंगी। अब सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करना और जरूरी हो गया है। लैंगिक समानता से जुड़े लक्ष्यों को पाने के लिए नियमित रूप से कानूनी, आर्थिक और सामाजिक स्तर पर निगरानी की जरूरत है। लैंगिक समानता प्राप्त करते हुए ही भारत आर्थिक व सामाजिक रूप से सफल होगा।

# शून्य से आती बेहद सुकून देती आवाज का जाना

ऋषिकेश मुखर्जी की फिल्म आलाप का एक गीत है, जयदेव का रचा हुआ आई ऋतु सावन की, पिया मोरा जाए रे। स्त्री स्वर में गीत के मुखड़े के बीच से अचानक भूपिंदर की आवाज उभरती है, बैरन बिजुरी चमकन लागी, बदरी ताना मारे रे। समूचे गीत में मात्र एक पंक्ति की छोटी-सी उपस्थिति, लेकिन विरह की सघनता को पूरी मार्मिकता के साथ व्यक्त करती हुई, मन में बस जाने वाली। सावन का ही एक गीत है भूपिंदर और प्रीति सागर की आवाज में श्याम बेनेगल की फिल्म भूमिका के लिए सावन के दिन आए सजनवा आन मिलो। हल्की-फुल्की रूमानियत वाला। कैसी विडंबना है कि सावन से जुड़े दो बिल्कुल अलग मिजाज के गीतों में अपनी आवाज का जादू जगाने वाले गायक भूपिंदर सावन के महीने में दुनिया को अलविदा कह गए। भूपिंदर, जिन्हें भूपी कहा जाता था, एक ऐसी आवाज के मालिक थे, जो सुनने वाले को एक ही वक्त में बेचैनी और राहत से भर सकने की कैफियत रखती थी। किसी शून्य से आती हुई, शून्यता को गुंजाती हुई। अपना घर, कस्बा, शहर, जाने-पहचाने चेहरे, माहौल छोड़कर गमे रोजगार के चलते किसी नई जगह टिकने की जद्दोजहद में जुटे हरेक विस्थापित कोघरौंदा का यह गीत अपने ही दिल की बात लगता है, एक अकेला इस शहर में, रात में और दोपहर में, आबोदाना ढूंड़ता है, आशियाना ढूंड़ता है। अकेलेपन की तकलीफ बयान करती हुई, बहुत सुकून देती हुई भूपिंदर की ठहराव भरी आवाज में कुछ ऐसा अनूठापन था, जो फिल्मी गीतों और गायकों की लोकप्रिय दुनिया में उनके लिए बहुत अलग जगह बनाता था। अमृतसर में जन्मे भूपिंदर जब बरास्ते दिल्ली फिल्मों में आए, या यूं कहें कि संगीतकार मदनमोहन उनका गाना सुनकर उन्हें ले आए थे, तब मोहम्मद रफी और किशोर कुमार जैसे दिग्गज गायक जमे हुए थे। हिंदी फिल्मों में आम तौर पर जिस तरह के रोमांटिक गाने थोक के भाव में होते हैं, भूपिंदर की भारी, गहरी आवाज में उनके लिए पहली पसंद वाला तत्व नहीं था। लेकिन मदनमोहन ने उन्हें दिल्ली में आकाशवाणी के संगीत विभाग के प्रमुख सतीश भाटिया की एक महफिल में गाते सुना, तो चेतन आनंद की फिल्म हकीकत के लिए मुंबई ले आए। युद्ध के दौरान अकेले पड़े सैनिक अपने प्रिय लोगों को किस तरह याद करते हैं, इस भावना पर कैफी आजमी ने गीत लिखा, हो के मजबूर मुझे, उसने भुलाया होगा। इस गाने में भूपिंदर को मौका मिला मोहम्मद रफी, तलत महमूद और मन्ना डे के साथ जुगलबंदी का। एक अंतरे की गायकी में भूपिंदर परदे पर दिखाई भी दिए। चेतन आनंद के भाई देव आनंद की फिल्म ज्वेलथीफ के बेमिसाल गीत होंठों में ऐसी बात मैं दबा के चली आई के लिए एस डी बर्मन ने भूपिंदर की आवाज का इस्तेमाल सिर्फ 'शालू' पुकारने भर के लिए किया। हरे रामा हरे कृष्णा के गाने दम मारो दम में भूपिंदर के गिटार की धुन, यादों की बारात के गाने चुरा लिया है तुमने जो दिल को में फिर गिटार का कमाल, ऐसे छोटे-छोटे टुकड़ों से भूपिंदर की मौजूदगी दर्ज हो चुकी थी।

भूपिंदर फिल्म इंडस्ट्री की किसी चूहा दौड़ का हिस्सा बनने वाली हस्ती थे ही नहीं। उनकी गायकी हरिवंश राय बच्चन की इस मशहूर काव्य पंक्ति की तरह है, पीड़ा में आनंद जिसे हो, आए मेरी मधुशाला। उन्होंने चुनिंदा काम किया, चुनिंदा फिल्म निर्देशकों और संगीतकारों के साथ। मदनमोहन ने फिल्म मौसम में उनसे गुलजार का लिखा गाना गवाया, जो हरेक पीड़ी के प्रेमियों का पसंदीदा बन गया- दिल ढूंड़ता है फिर वही फुरसत के रात-दिन। जयदेव और आर डी बर्मन के साथ उनका काम उनके नफीस चयन का सुबूत है। भूपिंदर अलग मिजाज के खुद्दार फनकार थे, इसलिए पार्श्व गायकी छोड़कर वह गजलों की तरफ मुड़ गए और वहां भी पत्नी मिताली के साथ एक अलग मुकाम हासिल किया। भूपिंदर जैसे लोग अब फिल्म इंडस्ट्री ही नहीं, समूचे समाज से लुप्त होते जा रहे हैं। जमाने का दस्तूर भूपिंदर अपनी आवाज में क्या खूब बयान कर गए हैं- जिसे भी देखिए वो अपने आप में गुम है, जुबां मिली है मगर हमजुबां नहीं मिलता/ कभी किसी को मुकम्मल जहां नहीं मिलता, कहीं जमीं तो कहीं आसमां नहीं मिलता।

# देशभक्ति एक गुण है जो हर व्यक्ति में होना चाहिए

**लेखिका श्रीमती हरवंश डांगे रिटायर्ड प्रिंसिपल, भोपाल**

15 अगस्त एक बालक गणतंत्र दिवस के लिए बनाई गई डंडियां बेच रहा था वह बच्चा चमचमाती कार की ओर बढ़ा और एक रुपए में झंडिया खरीदने के लिए आग्रह करने लगा उसमें बैठे युवकों ने दो शराब की खाली बोतलें निकालकर उस बालक को देना चाहा एवं उसके बदले दो झंडे की मांग करने लगे उस गरीब बालक ने बोतलों के बदले राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक देने से इनकार कर दिया उस मासूम बालक के अंदर के स्वाभिमान देश प्रेम मातृभूमि के प्रेम की भावना ने मदहोश एवं युवा वर्ग के मुंह पर राष्ट्रप्रेम का तमाचा मार कर उन्हें कटघरे में खड़ा कर दिया। देश प्रेम दो शब्दों से मिलकर बना है देश और प्रेम जिसका अर्थ होता है अपनी मातृभूमि, मातृभाषा और राष्ट्रीय ध्वज से प्रेम करना।अपनी भारत माता,देश के लोगों से,देश की मिट्टी से, संस्कृति से, प्यार करना देश की प्रगति समृद्धि के लिए काम करना।जिस देश की जनता,नेता,मीडिया देश हित मे सोचती और अपने देश से प्यार करती है सामाजिक आर्थिक स्थिति को सुधारने की दिशा में काम करती हैं। उस देश को आगे बढ़ने से कोई भी नही रोक सकता। देशभक्ति एक गुण है जो हर व्यक्ति में होना चाहिए। मातृभूमि के लिए हमारे क्या कर्तव्य होना चाहिए इसको स्कूलों के पाठ्यक्रम में सम्मिलित होना चाहिए। जिससे बच्चों के अंदर मातृभूमि के प्रति प्रेम की भावना जागृत हो सके। देशप्रेम की भावना सबसे पहले भारत के लोगों में विशेष रूप से ब्रिटिश काल में देखी गई थी बिस्मिल अजीमाबादी ने तो बिगुल बजा दिया था और कहते थे सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है देखना है जोर कितना बाजुए कातिल में है। उस समय लोगो के अंदर आजादी के प्रति एक जुनून था परतंत्रता की बेड़ियों से अपने देश को अंग्रेजों के चंगुल से छुड़ाने के लिए कितने ही वीर शहीद हो गए उनका एक ही उद्देश्य था भारत माता को अंग्रजो की गुलामी की जंजीरों से स्वतंत्र कराना।जिसके लिए हमारे देशभक्तों ने जनता को जगाने के लिए कई नारे दिए।जैसे अंग्रेजों भारत छोड़ो,स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, इंकलाब जिंदाबाद वंदे मातरम,सत्यमेव जयते, करो या मरो आदि। ब्रिटिश काल में भारत को आजाद कराने के लिए लोगों में जुनून था,प्रेम था। तन मन धन त्याग करने की न्योछावर करने की भावना थी भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव जैसे युवक आजादी के लिए हंसते-हंसते और गाते हुए माय मेरा रंग दे बसंती चोला, माए रंग दे बसंती चोला÷ फांसी पर चढ़ गए। चंद्रशेखर आजाद, वीर सावरकर, लाला लाजपत राय, सुभाष चंद्र बोस जैसे देशभक्तों ने अंग्रेजो के अनेको जुर्म सहते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी या कठोर सजाए काटी। और अंग्रजों को मजबूर कर दिया देश को छोड़ने पर लेकिन आज के युवा आंदोलन करते हैं देश के टुकड़े करने के नारे लगाते है, सेना को पत्थर मारते हैं, आराजकता फैलाते सब अपने स्वार्थ के लिए,अपने हित के लिए ,स्वार्थ के लिए सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं इसमें कहीं ना कहीं नेताओं और मीडिया का भी हाथ है जो उन युवाओं को वोटबैंक और टीआरपी के लिए बहकाते है जो देशहित मे नही है।देश एवं मातृभूमि के प्रति प्रेम मानव के हृदय में जलने वाली ईश्वरी ज्वाला है हर देश वासी के मन में देश के प्रति ईमानदारी,कर्तव्यनिष्ठा होना चाहिए। युवा वर्ग भारतवर्ष की नींव है, स्तंभ है,भविष्य है उनको भाषणों द्वारा राष्ट्रीय गीतों द्वारा पंपलेट द्वारा जुलूस निकालकर बैठकों का आयोजन करके लोगों में देश प्रेम की भावना जगाए रखना चाहिए देश प्रेम एवंश्च मातृभूमि की ज्वाला को भावना को जलाए रखना चाहिए किसी के द्वारा कहा गया है

**वह खून कहो किस मतलब का जिसमें उबाल नहीं, वह खून कहो किस मतलब का जो आ सके देश के काम नहीं।**




हम अपने देश को मां मानते है। क्या सच मे हम उसे मां की तरह प्यार करते है! कूपर ने कहा था ÷इंग्लैंड में कितनी भी कमियां क्यों ना हो फिर भी मैं अपने देश से प्यार करता हूं मां ने हमें जन्म दिया लेकिन हम इस देश की धरती की गोद में खेल कर बड़े होते हैं, को हमको जल देती। क्या हमको भारत देश ने अपनी गोदी में नहीं खिलायाड़क्या अपनी विपुलता से हमारा पालनश्च-पोषण नहीं कियाड़क्या अपने हृदय से लगाकर हमें सुरक्षा प्रदान नहीं कि सच्चा देशभक्त वही है जो अपने देश को सुधारने में भारत की प्रगति के लिए जितना हो सके उतनी कड़ी मेहनत करके देश के निर्माण में पूर्ण योगदान देते हुए आसपास के सभी लोगों से ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। सच्चा प्रेम वही है जिसमें तृप्ति आत्म बल पर हो निर्भर त्याग बिना निष्प्राण प्रेम है।



# पारस की वजह से उर्फी को नहीं मिला अनुपमा में रोल

टीवी शो में समर का रोल प्ले करने वाले एक्टर पारस कलनावत पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में बने हुए हैं। अपकमिंग रियलिटी टीवी शो 10 साइन करने की वजह से नाराज मेकर्स ने उनका का कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर दिया और उन्हें तत्काल प्रभाव से शो से हटा दिया गया। शो में अनुपमा के छोटे बेटे का रोल प्ले करने वाले पारस कलनावत ने हाल ही में अनुपमा के रिएक्शन के बारे में बताया था और अब उन्होंने अपनी निजी जिंदगी को को लेकर भी प्रतिक्रिया दी है। पारस कलनावत ने एक इंटरव्यू में अपनी एक्स गर्लफ्रेंड उर्फी जावेद को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी और उनके उस बयान का जवाब दिया जिसमें उर्फी ने कहा था कि पारस बहुत ज्यादा पॉजेसिव हैं। कम ही लोग जानते हैं कि अनुपमा फेम एक्टर पारस कलनावत और उर्फी जावेद काफी



वक्त तक रिलेशनशिप में रहे हैं और बाद में दोनों ने अपने रास्ते अलग कर लिए थे। ये दोनों एक्टर स्न्न्ह्ह्ब छ्ह्ब्हद्दु टीवी शो में एक साथ काम करते नजर आए थे। हालिया इंटरव्यू में उर्फी जावेद ने कहा था कि पारस बहुत पॉजेसिव हैं और उन्होंने अनुपमा के मेकर्स से कहा था कि वह उर्फी को शो में ना लें। अब उर्फी जावेद के सवालों पर पारस कलनावत ने कहा, इस सब बारे में पलटवार करने के लिए मुझमें एक तरह का गुस्सा होना चाहिए। लेकिन मैं किसी के प्रति भी बुरी भावनाएं नहीं रखता हूं। पारस कलनावत ने कहा, अगर मुझे किसी से दिक्कत है तो मैं आगे आकर उस इंसान से बात करूंगा, बजाए उस इंसान के बारे में कुछ बुरा बोलने के। जब मैं लोगों को मेरे बारे में बुरा बोलते हुए देखता हूं तो मैं इसे बहुत शांत ढंग से स्वीकार करता हूं। मैं खुद से कहता हूं कि अगर इस इंसान को मुझे बुरा-भला बोलने में खुशी मिल रही है तो क्यों ना मैं इसकी खुशी में ही अपनी खुशी ढूंढ लूं। ये सारी चीजें मुझे प्रभावित नहीं करती हैं।

# बॉलीवुड में काजोल को पूरे हुए 30 साल



बॉलीवुड की खूबसूरत और टैलेंटिड एक्ट्रेस काजोल के सिनेमा में 30 दशक पूरे हो गए हैं। 1992 में डेब्यू करने के बाद से काजोल ने एक से बढ़कर एक परफॉर्मेंस दिया है और दर्शकों का दिल जीता है। काजोल के खाते में कई हिट फिल्में शुमार हैं और सिनेमा में 30 साल पूरे होने पर अभिनेता अजय देवगन ने उन्हें बधाई दी है। अजय देवगन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट किया है और काजोल के लिए एक स्पेशल नोट लिखा है। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने सोशल मीडिया पोस्ट में काजोल को बॉलीवुड में 30 साल पूरे करने पर बधाई दी है। अजय देवगन ने फिल्म तानाजी- द अनसंग वॉरियर से एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें उनके साथ काजोल नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ कैप्शन में अजय ने लिखा, सिनेमा में 3 दशक... और तुम ने बहुत बढ़िया किया है। सच कहूं तो सिर्फ अभी शुरुआत है, आने वाले बहुत सारे अचीवमेंट्स, फिल्में और यादों के लिए। बता दें कि काजोल ने अपने दम पर अपने लिए एक बड़ा मुकाम बनाया है। काजोल ने फिल्म बेखुदी से बॉलीवुड डेब्यू किया था। बेखुदी 31 जुलाई 1992 को रिलीज हुई थी, जिस में काजोल के साथ कमल सदाना नजर आए थे। फिल्म का निर्देशन राहुल रवैल ने किया था। फिल्म में काजोल ने राधिका का किरदार निभाया था, वहीं फिल्म में काजोल के मां के किरदार में तनुजा नजर आई थीं। काजोल ने अपने करियर में सिर्फ हिंदी ही नहीं अन्य भाषाई फिल्मों में भी दम खम दिखाया है। काजोल ने एक ओर जहां साउथ फिल्मों में काम किया है तो कुछ फिल्मों के लिए आवाज भी डब की, जिसमें हॉलीवुड की एनिमेटिड फिल्म इंक्रेडिबल्स 2 भी शुमार है। काजोल की हिट बॉलीवुड फिल्मों की लिस्ट में बाजीगर, करण अर्जुन, हलचल, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, गुप्त, इश्क, प्यार किया तो डरना क्या, डुप्लीकेट, प्यार तो होना ही था, कुछ कुछ होता है, हम आपके दिल में रहते हैं, राजू चाचा, कभी खुशी कभी घम, कल हो न हो, फना, माई नेम इज खान, दिलवाले और तानाजी सहित कई और शामिल हैं।

# अदनान सामी ने डिलीट नहीं आर्काइव किए थे अपने सभी इंस्टाग्राम पोस्ट्स

अपनी आवाज के जादू से हर किसी को अपना दीवाना बनाने वाले सिंगर अदनान सामी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम के सभी पोस्ट्स डिलीट कर दिए थे। अदनान ने अपने सभी इंस्टा पोस्ट्स डिलीट किए और एक वीडियो को शेयर करते हुए लिखा- अलविदा। अदनान के इस अलविदा ने उनके सभी फैन्स को काफी परेशान कर दिया और सभी इसकी वजह जानने के लिए बेताब हो गए। ऐसे में अब खुद सिंगर ने बताया है कि उन्होंने ऐसा क्यों किया और क्या है %अलविदा% का मतलब। अदनान सामी के इंस्टाग्राम को अलविदा कहने से उनके फैन्स परेशान हो गए थे। ऐसे में अब हाल ही में टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत के दौरान अदनान ने इस बारे में भी बात की। अदनान ने कहा, %आप इसे चाहें चालाकी कह दें या फिर बेवकूफी, लेकिन सोशल मीडिया से सारी पोस्ट्स डिलीट करने के पीछे मेरी हाल ही में सामने आई ट्रांसफॉर्मेशन रही। कोविड काल ने हम सभी को ये सोचने पर मजबूर कर दिया कि जिंदगी में हम किसी चीज को प्राथमिकता देना चाहते हैं... अदनान आगे कहते हैं, मैंने तय किया कि मैं एक



बार फिर म्यूजिक बनाऊंगा। ये बदलाव मेरे लिए सिर्फ शारीरिक नहीं बल्कि मानसिक भी रहा। मैं एक बार फिर अच्छे म्यूजिक को बनाने की सोचने लगा। और इसलिए मैंने खुद को अदनान 2.0 कह दिया, इंस्टा पर भी। ऐसे में मैंने सोचा कि इस बदलाव के चलते ही ये एक अच्छा आइडिया होगा कि मैं अपने पुराने सभी सोशल मीडिया पोस्ट्स को आर्काइव कर दूं। बातचीत में अदनान ने ये भी बताया कि उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट्स डिलीट नहीं किए हैं, बल्कि आर्काइव किए हैं। अदनान ने अलविदा को लेकर कहा कि ऊपर वाला न करे लेकिन अगर मुझे खुद को खत्म ही करना होता तो सिर्फ मैं कैप्शन में अलविदा लिख देता, न कि एक बेहतरीन सा सिनेमैटिक लोगो बनाता अलविदा का।

# सुजैन खान ने अर्सलान गोनी पर बरसाया प्यार

बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन की एक्स वाइफ सुजैन खान का नाम बीते कुछ वक्त से अर्सलान गोनी के साथ जुड़ रहा है। अर्सलान गोनी और सुजैन खान अक्सर साथ में वक्त बिताते नजर आते हैं, वहीं सोशल मीडिया पर भी ये दोनों अपने फोटोज और वीडियोज शेयर करते हैं जो फैन्स को पसंद आते हैं।सुजैन और अर्सलान के वेकेशन फोटोज सामने आए हैं, जिन्हें शेयर करते हुए सुजैन ने एक स्पेशल कैप्शन भी लिखा है। सुजैन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। ये वीडियो सुजैन और अर्सलान के वेकेशन फोटोज से बना है। वीडियो में दिख रही तस्वीरों में दिख रहा है कि सुजैन और अर्सलान साथ में कितना एन्जॉय कर रहे हैं और दूसरे संग क्वालिटी टाइम बिता रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स इस वीडियो को पसंद कर रहे हैं और शेयर कर रहे हैं। वीडियो पर प्रीति जिंटा के साथ ही कुछ और सेलेब्स ने भी रिएक्ट किया है। वहीं कई फैन्स भी दोनों के वीडियो पर कमेंट कर चुके हैं। सुजैन खान ने इस फोटो वीडियो को शेयर करते हुए एक स्पेशल कैप्शन भी लिखा है।



वीडियो के साथ सुजैन ने कैप्शन में लिखा, मुझे नहीं पता कि तुम्हें क्या बताया गया है, लेकिन वक्त बीत रहा है, तो ऐसे सोने की तरह खर्च करो। थैंक्यू सो मच मेरे प्यारे कैलिफोर्निया, हमें हमारा बेस्ट समर देने के लिए। अपने कैप्शन में सुजैन ने बिजली, लाइट, दिल, कैमरा और वेव्स जैसे कई इमोजीस का इस्तेमाल किया है। याद दिला दें कि कुछ वक्त पहले प्रीति जिंटा ने फोटोज शेयर किए थे, जिन में ऋतिक- सुजैन सहित कुछ अन्य सेलेब्स नजर आए थे। तस्वीरों में प्रीति जिंटा के साथ ही उनके पति जीन गुडइनफ, ऋतिक रोशन, सोनाली बेंद्रे, सुजैन खान और अर्सलान गोनी मौजूद थे। पोस्ट के कैप्शन में प्रीति ने लिखा था, 'एक यादगार रात।% बता दें कि ऋतिक और प्रीति अच्छे दोस्त हैं और फिल्म कोई मिल गया और लक्ष्य में साथ काम कर चुके हैं। गौरतलब है कि एक ओर जहां सुजैन खान का नाम अर्सलान गोनी के साथ जुड़ता है तो दूसरी ओर ऋतिक रोशन भी इन दिनों सबा खान संग रिलेशनशिप की खबरों को लेकर चर्चा में रहते हैं। बता दें कि ये चारों भी साथ में वक्त एन्जॉय करते नजर आ चुके हैं और इनके फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। बता दें कि अभी तक इन चारों में से किसी ने भी रिलेशनशिप पर आधिकारिक तौर पर कोई भी बयान नहीं दिया है।




# बॉलीवुड में हुईं बैन, एक्ट्रेसेस नहीं करती थीं बात

31 जुलाई 1947 को मुंबई में जन्मीं मुमताज अपना 75वां जन्मदिन मना रही हैं। अभिनेत्री मुमताज का करियर उनके वक्त की बाकी अभिनेत्रियों से काफी अलग रहा था। कभी एक्टर्स ने उनके साथ काम करने से इनकार किया तो कभी खुद मुमताज ने चुनिंदा अभिनेताओं के साथ स्क्रीन शेयर करना ठीक नहीं समझा। मुमताज के बारे में कहा जाता है कि उनके साथ ही एक्ट्रेसेस उनसे बात नहीं करती थीं, वहीं एक वक्त ऐसा भी था जब मुमताज पर बैन लग गया था। मुमताज के जन्मदिन पर जानें एक्ट्रेस से जुड़े किस्से...मुमताज ने अपने करियर में कई अभिनेताओं के साथ काम किया। हालांकि मिड डे की एक रिपोर्ट के मुताबिक



मुमताज ने अमिताभ के शुरुआती वक्त में उनके साथ काम करने से इनकार कर दिया था, क्योंकि उस वक्त वो एक सक्सेसफुल एक्टर नहीं थे। वैसे बता दें कि 1973 में अमिताभ ने पहली बार फिलल्म बंधते हाथ में डबल रोल निभाया था, जिस में उनके साथ मुमताज नजर आईं थीं। बॉलीवुड में कुछ ऐसी एक्ट्रेसेस रही हैं, जिन्होंने अपने करियर की बुलंदी पर सिनेमाई दुनिया को अलविदा कह दिया और उन्हीं में एक नाम मुमताज का भी रहा है। मुमताज ने 1974 में मयूर मधवानी से शादी की थी और अपने बचे हुए प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के बाद सिनेमा को अलविदा कह दिया था। उस वक्त मुमताज एक बड़ा नाम हुआ करती थीं और करीब- करीब हर अभिनेता- निर्देशक उनके साथ काम करना चाहता था। याद दिला दें कि 1990 में मुमताज ने आंधियां से कमबैक किया था, लेकिन फिल्म फ्लॉप हुई तो मुमताज ने बाकी प्रोजेक्ट्स को इनकार कर दिया।



# मलाइका अरोड़ा ने किया कुछ ऐसा काम कि अर्जुन कपूर ने दी फ्लाइंग किस

इन दिनों फिल्म एक विलेन रिटर्न्स को लेकर चर्चा में बने हुए अभिनेता अर्जुन कपूर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब चर्चा में रहते हैं। अर्जुन कपूर, बॉलीवुड की खूबसूरत व सुपरफिट एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ासंग रिलेशनशिप में हैं। अर्जुन- मलाइका जब भी साथ होते तो चर्चा में आ जाते हैं। ऐसे में हाल ही में अर्जुन कपूर ने जब रैंप वॉक की तो मलाइका भी शो में शामिल रहीं और दोनों के बीच के प्यार ने फैन्स का फिर दिल जीत लिया है। दरअसल हाल ही में अर्जुन कपूर ने कुणाल रावत के लिए रैंप वॉक किया। शो में अर्जुन कपूर ने जहां रैंप वॉक किया तो दूसरी ओर मलाइका अरोड़ा ऑडियंस में मौजूद रहीं। इस रैंप वॉक से कई वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। किसी वीडियो में दिख रहा है कि अर्जुन कपूर के लिए मलाइका अरोड़ा खूब तालियां बजा रही हैं और सपोर्ट करते हुए उनका वीडियो भी रिकॉर्ड कर रही हैं। वहीं एक वीडियो में मलाइका अरोड़ा को अर्जुन कपूर फ्लाइंग किस देते दिख रहे हैं। वहीं किसी वीडियो में मलाइका की स्माइल और एक्साइटमेंट अर्जुन को देखने के बाद देखने लायक है। अर्जुन ने दी मलाइका को फ्लाइंग किस। सोशल मीडिया यूजर्स मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर के इन वीडियोज को खूब पसंद कर रहे हैं। कई फैन्स ने मलाइका को एक परफेक्ट गर्लफ्रेंड बताया है जो अपने ब्वॉयफ्रेंड को खूब सपोर्ट कर रही हैं। एक यूजर ने लिखा, कितनी प्यारी जोड़ी है। एक दूसरे सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, ये दोनों जल्दी शादी कर लें, कैमिस्ट्री ने दिल खुश कर दिया। वहीं एक और ने लिखा, यार ये कितनी ऑसम है, प्यार हो तो ऐसा। गौरतलब है कि अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा बीते लंबे वक्त से रिलेशनशिप में हैं। शुरुआती वक्त में दोनों ने इसे सभी से छिपाकर रखा था और इस बारे में कुछ भी कहने से बचते थे। वहीं कुछ वक्त बाद सोशल मीडिया पर इनके फोटोज वीडियोज सामने आने लगे और कपल भी एक दूसरे के पोस्ट्स पर रिएक्ट करने लगा। ऐसे में धीरे धीरे कुछ वक्त के बाद इस बारे में कपल खुलकर बात करने लगा। बता दें कि फैन्स को इनकी शादी का बेसब्री से इंतजार है।



## ग्राम पंचायत पिपारा में जन अभियान परिषद के सदस्यों द्वारा निकाली गई नशा मुक्ति एवं जन जागरूकता रैली



**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**पिछोर**–मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा पिछोर तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पिपारा मैं नशा के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाया गया मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा लगातार प्रत्येक ग्राम में नशा के खिलाफ नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिसमें गुरुवार को ग्राम पिपारा में जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तथा स्कूल के छात्र छात्राओं व ग्रामीण जनों के सहयोग से नशा के खिलाफ जन जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों से नशा न करने की अपील करके लोगों को नशा न करने की शपथ दिलाई जा रही है स्कूली बच्चों द्वारा नशा न करने के नारे लगाए इस अवसर पर जन अभियान परिषद के भौंती सेक्टर की नवांकुर संस्था के प्रभारी विकास पांडे एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सचिव नरेंद्र लोधी और पंचायत के सचिव प्रतिपाल सिंह बुंदेला एवं सहायक सचिव वीरेंद्र पटेल, अवधेश गुप्ता, उमेश गुप्ता ,अशोक जाटव एवं माध्यमिक विद्यालय के संस्था प्रभारी प्रीतम सिंह जाटव शिक्षिका किशोरी पाठक तथा ग्राम के ग्रामीणों सहित स्कूल का स्टाफ व छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण लोग उपस्थित रहे

## क्षेत्रीय विधायक चार दिवसीय दौरे पर



**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**शिवपुरी/पिछोर** - पूर्व मंत्री म.प्र.शासन एवं विधायक पिछोर के. पी.सिंह कक्का जू चार दिन अपनी विधानसभा के दौर पर रहेंगें और लोगो से जनसामान्य भेंट कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे एवं निराकरण करेंगे। दौरे का क्रम 02 दिसंबर को खनियाधाना , 03 को पिछोर , 04 को बामौर कलां एवं 05 को पिछोर में उपस्थित रहेंगे।

## ग्राम पंचायत मामूनी खुर्द में भागवत कथा प्रारंभ

**पुष्पांजली टुडे से संवाददाता विशाल सिंह की रिपोर्ट**



करेरा अमोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत ममोनी खुर्द में आज श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन के लिए कलश यात्रा निकाली गई जानकारी के अनुसार राम जानकी मंदिर से कलश भरे कलश भरने के बाद यात्रा में समस्त ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़कर के हिस्सा लिया एवं भागवत कथा का आनंद लिया कथा का वाचन आचार्य श्री ओमप्रकाश शास्त्री एवं प्रवचन करता किशोरी सोमवती बघेल जी के मुखारविंद से सुनने का आनंद प्राप्त हुआ ! अशोक पाल, श्रीरामपाल , कप्तान पाल, बीरान पाल,जयराम पाल ,गजेंद्र पाल रामजीलाल पाल बीरपाल के द्वारा यह बताया गया कि एक कार्यक्रम पूरे 7 दिन तक चलेगा एवं अंतिम दिवस में भंडारा किया जाएगा

## छत्रसाल महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस का कार्यक्रम हुआ संपन्न

**रिपोर्टर- महेंद्र सिंह रजक पुष्पांजली टुडे पिछोर**




शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर जिला शिवपुरी के राष्टीय सेवा योजना इकाई द्वारा 1 दिसंबर 2022 को विश्व एड्स दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे एट्स जागरूकता , पर छात्रों ने अपने,अपने विचार रखे कार्यक्रम में संरक्षक के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएस गौतम उपस्थित रहे उन्होंने एड्स दिवस पर छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए एड्स से संबंधित जानकारियां छात्रों को दी साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर जगदीश आर उपस्थित रहे उन्होंने एड्स कैसे फैलता है कैसे जागरूक हो सके एवं सावधानियां क्या-क्या बरती जाएं इन सब पर बड़ी विस्तार से चर्चा की । विशिष्ट अतिथि के रूप में ही डॉ कमल किशोर यादव मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर नरसिंह भिड़े रहे रेड रिबन क्लब समिति अध्यक्ष दीपक पाल ने मंच का संचालन किया और सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टाफ व राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिविन क्लब के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## एससी एवं एसटी एक्ट में अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु स्केच जारी



**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- अनुभाग पिछोर के प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी,पुलिस द्वारा थाना खनियाधाना के अपराध क्रमांक 370/2022 दिनांक 2 जुलाई 2022 धारा 376, 344, 366, 506, 34 भादवि एवं 3(2)(डब्ल्यू आई), 3(2)(वीए) एससी एसटी एक्ट, इजाफा 3(2)(वी) एससी एसटी एक्ट में अज्ञात आरोपी की तलाश के लिए स्केच जारी किया गया है।उक्त अपराध की विवेचना उप पुलिस अधीक्षक अजाक , प्रभारी एसडीओपी पिछोर दीपक तोमर द्वारा की जा रही है। फरियादिया काजल उर्फ राजविंदर जाटव की रिपोर्ट पर थाना खनियाधाना में अपराध क्रमांक 370/2022 दिनांक 2 जुलाई 2022 धारा 376, 344, 366, 506, 34 भादवि एवं 3(2)(डब्ल्यू आई), 3(2)(वीए) एससी एसटी एक्ट, इजाफा 3(2)(वी) एससी एसटी एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था, जिसमें एक अज्ञात आरोपी जिसका रंग गोरा एवं उम्र 20 से 30 साल है, द्वारा 19 जून 2022 को फरियादिया एवं उसके दो बच्चों को मोटरसाइकिल पर जबरदस्ती ले जाना बताया गया है। जिसका स्केच आर्टिस्ट द्वारा तैयार कराया गया है। इस व्यक्ति के संबंध में पिछोर, खनियाधाना, भौंती, बामौरकलां, मायापुर क्षेत्र में किसी को कोई जानकारी होने पर कार्यालय अनुविभाग अधिकारी (पुलिस), अनुभाग पिछोर में संपर्क कर सकता है।

## शिवपुरी के समस्त स्कूलों की आधी से ज्यादा बसें अनफिट की गई चलानी कार्रवाई

### बताए जाने के बाद भी नहीं करते समाधान

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी**- शिवपुरी के यातायात थाना पुलिस और अमित प्रताप सिंह तोमर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिवपुरी के निर्देशन में आज मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। यह मोबाइल कोर्ट चार जगह लगाया गया। पोहरी चौराहा,रेलवे क्रॉसिंग, ग्वालियर बायपास एवं झांसी तिराहा। इसमें लगभग 200 से 250 स्कूली बसों को चेक किया गया।अभी तक 70 बसों पर कार्यवाही की जा चुकी हैं इन सभी बसों का प्रकरण बनाकर न्यायालय पेश किया जा रहा है। न्यायालय से इन सभी बसों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी जिनमें कुछ ना कुछ कमियां मिली जैसे बिना ड्राइविंग लाइसेंस,मौके पर दस्तावेज नहीं पाया जाना, बिना कैमरे, स्पीड गवर्नर, प्राथमिक उपचार पेटी का ना होना,बिना वर्दी, बिना नेम प्लेट,आपातकालीन खिड़की का ना खुलना, बच्चियों के साथ महिला टीचर का ना होना, बच्चों को केबिन में बैठाना, चालक का मेडिकल सर्टिफिकेट ना होना एवं चरित्र प्रमाण पत्र का ना होना आदि। इस दौरान यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव, सूबेदार अरुण प्रताप सिंह जादौन, सूबेदार प्रियंका घोष, एसआई दीपक पालिया, एसआई आदित्य प्रताप सिंह तोमर,एएसआई कौरव, एएसआई यतेंद्र बाथम एवं थाना कोतवाली थाना फिजिकल,थाना देहात,थाना यातायात की पुलिस मौजूद थी।

### दिव्यांग सेवा सबसे बड़ी सेवा- नेहा यादव जिला पंचायत अध्यक्ष

## दिव्यांग बच्चों का हौसला बढाएँ अमित पडरिया जिला पंचायत उपाध्यक्ष

**शिवपरी** -शिवपुरी मै चल रही विकासखण्ड स्तरीय दिव्यांग प्रतियोगिता का आयोजन अशासकीय विद्यालय बी0 टी0 पब्लिक स्कूल बदरवास में किया गया जिसमें विकासखण्ड स्तर के दिव्यांग छात्र / छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती मां पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ की गई उसके बाद अतिथिओं द्वारा कन्या पूजन किया गया। विकासखण्ड स्तरीय दिव्यांग प्रतियोगिता में दौड, गोलाफेंक, जलेबी दौड़, नीबू चम्मच रेस एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति नेहा यादव उपस्थित थी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित कुमार पडरिया एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में अमित यादव उपाध्यक्ष युवामोर्चा भाजपा उपस्थित थे। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति नेहा यादव द्वारा पालक एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग सेवा सबसे बड़ी सेवा है इसे बोझ न मानते हुए बच्चों के विकास परिवर्तन में पूर्ण सहयोग प्रदान करें एवं इन बच्चों के द्वारा खेलों में उत्साह पूर्वक भाग लिया है इन्हें कमजोर न समझे यह बच्चे भविष्य में प्रदेश एवं राष्ट के पटल पर अपना नाम रोशन करेंगे सभी विजयी छात्र / छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएँ कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित कुमार परिया द्वारा अपने संबोधन में कहा के बच्चे देश का उज्जवल भविष्य है इसलिए इन बच्चों का हौसला बढाएँ उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाला मुस्कान का उदाहरण देते हुए सभी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम में बीआरसीसी अंगद सिंह तोमर ने बताया कि सभी छात्र/ छात्राओं को भोजन के साथ नास्ते की व्यवस्था की गई सभी छात्रों को केले, बिस्किट का वितरण किया गया समस्त उपस्थित छात्रों को पुरस्कार स्वरुप बैग और प्रमाणपत्र दिए गए। चोकलेट का वितरण जिला पंचायत अध्यक्ष महोदया द्वारा किया गया अशासकीय स्कूल के संचालक बी0 टी0 पब्लिक स्कूल का पूर्ण सहयोग रहा। एवं प्राईवेट स्कूल ऐसोसिएशन के अध्यक्ष एवं उनके साथिओं द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में बीएसी गुरु प्रसाद शर्मा, संजीव पाठक, गोपाल जाटव एवं समस्त सीएसी उग्रसेन रघुवंशी, शिवनाथ सिंह चौहान, चन्द्रेश सिंह रघुवंशी, संतोष सेन, कुलदीप ग्वाल, अरविन्द कुशवाह, भगवत सिंह यादव, सुरेन्द्र जाट एवं लेखपाल सचेन्द्र गुप्ता एवं ऑपरेटर रवि धाकड़ एवं भ्रत्य राधे केवट का रहा कार्यक्रम में विशेष सहयोग संजीव जाट, राजेश नामदेव, गोविन्द अवस्थी कपिल परिहार, राजेश दांगी, घनश्याम शर्मा ( संचालक बी0टी0 पब्लिक स्कूल) एवं धर्मेन्द्र चतुर्वेदी अध्यक्ष प्राईवेट स्कूल ऐसोसिएशन का रहा। साथ में समस्त अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश नामदेव द्वारा किया गया।



### बिना नोटिस के तहसीलदार ने सील किया आधार केंद्र


## हाल ही मैं की थी जन सुनवाई मैं पार्षद पतियों की शिकायत

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी**- शिवपुरी जिले के तहसील नरवर से है कि जहां नरवर तहसील के तहसीलदार विजय शर्मा ने आधार केंद्र को सील किया है प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी हाल ही में जनसुनवाई में आवेदन देने आई करिश्मा कोली आधार केंद्र संचालिका ने जनसुनवाई में आवेदन दिया था कि कुछ पार्षद पति हम से अवैध रूप से पैसों की मांग करते हैं जिसका हम ने विरोध किया और जनसुनवाई में उनके खिलाफ आवेदन दिया जिस पर आज सभी पार्षदों पतियों ने मिलकर तहसीलदार को अपने पक्ष में लेते हुए उनका आधार केंद्र ही सील करवा दिया पूरी जानकारी के अनुसार महिला करिश्मा कोहली का कहना है कि पार्षद पति हमसे अवैध रूप से पैसों की मांग करते हैं और कहते हैं कि हमारे वार्ड के जितने भी लोग आपके आधार केंद्र पर आधार से संबंधित कार्य कराने के लिए आएंगे उनसे आप किसी भी प्रकार का चार्ज ना लिया करें जिस पर आधार केंद्र संचालक द्वारा मना करने पर पार्षदों पतियों ने आधार केंद्र संचालक की शिकायत तहसीलदार से की इस पर तहसीलदार का आना हुआ और तहसीलदार को हमने बताया कि हम उतने ही पैसे लेते हैं जितना कि गवर्नमेंट ने फिक्स कर रखा है इसके अलावा हम कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लेते लेकिन तहसीलदार ने बताया कि आधार केंद्र संचालक लोगों से सरकार द्वारा तय की गई राशि से अधिक पैसे लेते हैं लेकिन आधार केंद्र संचालक का कहना है कि हमारे द्वारा कभी भी किसी से अवैध रूप से वसूली नहीं की गई है और ना ही हम किसी से गलत पैसा लेते हैं लेकिन लगातार पार्षद पतियों द्वारा मिल रही धमकी से परेशान होकर उन्होंने जनसुनवाई में आवेदन दिया था लेकिन उनका आवेदन उनके ऊपर ही भारी पड़ता दिख रहा है आज नरवर तहसीलदार विजय शर्मा द्वारा आधार केंद्र को सील कर दिया गया है जबकि उनको सील करने से पहले किसी भी प्रकार का कोई नोटिस नहीं दिया गया जब आधार केंद्र संचालक द्वारा तहसीलदार से नोटिस के बारे में पूछा गया तो तहसीलदार का कहना है कि वह अधिकारी है और वह अपनी मर्जी से कुछ भी कर सकता है और आधार केंद्र को सील कर दिया और आधार केंद्र संचालक जावेद पर तहसील धार के साथ बदतमीजी करने पर 151 की कार्यवाही भी नरवर थाने में करवा दी मीडिया द्वारा तहसीलदार से सम्पर्क करने पर तहसीलदार द्वारा एक भी बार फोन रिसीव नहीं किया गया और लास्ट में जाकर क्या मीडिया द्वारा फोन लगाया गया तो तहसीलदार ने अपना नंबर बंद कर लिया ऐसा प्रतीत होता हैं कि कही न कही तहसीलदार ने पार्षद पतियों के दबाव में आकर पूरी कार्यवाही को अंजाम दिया है लेकिन पूरे मामले की जानकारी तहसील दार साहब मीडिया को देना उचित नही समझ रहे है शायद इसलिए ही फोन नही उठा रहे हैं

## रासेयो केडीबीएम ने मानव श्रृंखला से एचआइवी बैंड बनाकर एड्स की चुनौती से लड़ने का दिया संदेश



**रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज**-राष्टीय सेवा योजना केडीबीएम महाविद्यालय इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस% के अवसर पर मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज को एड्स एवं उसके बचाव के प्रति जागरूक करना था। रासेयो स्वयंसेवक रानी शाक्य ने बताया कि एड्स साइलेंट किलर बीमारी है जिसका पता प्रारंभिक चरण में चलने पर उपचार संभव है एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिसिएंशी सिंड्रोम (एड्स) एक जानलेवा बीमारी है जो रोगी के प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करता है।स्वयंसेवक राधिका साहू ने बताया इस मानव श्रंखला का उद्देश्य लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना व एड्स से पीड़ितों को इसे मात देने के लिए हौसला बढ़ाना है। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बड़ागांव में मनाया गया विश्व एड्स दिवस किया गया स्कूली बच्चों एवं ग्रामीण जनों को जागरूक


**पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति**



आरोग्यं उपस्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव एवं दर्शना महिला कल्याण समिति द्वारा हाईस्कूल बड़ागांव के बच्चों एवं ग्रामीण जनों को एचआईवी, एड्स एवं स्वास्थ्य के प्रति प्रचार प्रसार कर जन जागरूकता फैलाई गई...देवेंद्रनगर बी.पी.एम.संध्या परिहार एवं उपस्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेंद्र प्रजापति द्वारा एड्स दिवस पर बच्चों को स्वास्थ्य एवं एड्स के बारे में बता कर इस दिवस को मनाने का उद्देश्य एवं महत्व को बताया.एड्स के प्रसार को लेकर डॉ. राजेंद्र ने बताया कि लोगों के बीच अभी भी बड़ा भ्रम देखा जा रहा है, इसी वजह से संक्रमितो को कलंक और सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है ,एड्स का प्रसार संक्रमित व्यक्ति के साथ वस्तुएं साझा करने से ,उनके साथ खाना खाने से ,हाथ मिलाने से नहीं होता है ,यह केवल संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध बनाने एवं संक्रमित रक्त के माध्यम से ही हो सकता है। एचआईवी संक्रमण को रोकने का एकमात्र तरीका है - लोगों को इस बारे में जागरूक किया जाए, लोगों को इसकी उत्पत्ति एवं प्रसार के बारे में बताया जाए, ताकि लोग इस महामारी के दुष्प्रभाव से बच सकें, इसी बात को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसका उद्देश्य जन-जन तक एचआईवी/एड्स एवं इसके रोकथाम से संबंधित सभी सूचनाएँ एवं जानकारियाँ पहुँचाना हैस्कूल के प्राचार्य श्री विनीत कुमार द्विवेदी के सहयोग एवं महिला कल्याण समिति प्रोग्राम मैनेजर हरिओम अग्रवाल व काउंसलर संध्या द्विवेदी द्वारा स्कूली बच्चों को एड्स के प्रति जागरूक कर क्विज प्रतियोगिता कराई गई विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, साथ ही रैली का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में समिति के टीम मेम्बर भारती सेन, रूबिया खातून, रागिनी अहिरवार, मेघराज आदि के साथ स्कूली शिक्षक राजेश कोरी, ओ.पी. चतुर्वेदी, डी.पी .साहू ,रचना गौतम , राममोहन द्विवेदी, ए.एन.एम. गायत्री प्रजापति, आशा रजनी , सभी का उचित सहयोग रहा ।

## दुनिया को अलविदा कहने से पहले सतीश शर्मा कर गए देह दान और नेत्र दान

**रघुवर दयाल गोहिया**



**भोपाल/विदिशा** मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में स्थित श्री हरि वृद्ध आश्रम के 71 वर्षीय बुजुर्ग श्री सतीश शर्मा का अटल विहारी बाजपेयी शासकीय मेडिकल कॉलेज में सघन उपचार के चलते निधन हो गया। अपनी मृत्यु के पूर्व ही उन्होंने चिकित्सा शिक्षा की मदद हेतु वृद्ध आश्रम प्रबंधन की प्रेरणा से अपनी देह दान एवं नेत्र दान की इच्छा जताई और संकल्प पत्र भरा।स्वर्गीय सतीश शर्मा का पूर्ण मान सम्मान के साथ चिरायु मेडिकल कॉलेज भोपाल में देह दान किया गया। उनका नेत्र दान भी हुआ। इस अवसर पर मेडिकल सुप्रिटेंडेंट आशुतोष मंगलगिरी, एनाटॉमी विभाग प्रमुख डॉ. विपिन खाड़े डॉ. रश्मि, देह दान एसोसिएशन के प्रणेता डॉ. राकेश भार्गव, नेत्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. अलका श्रीवास्तव, आश्रम संचालक श्रीमति इन्दिरा शर्मा और श्री वेद प्रकाश शर्मा तथा समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।ज्ञातव्य हो कि श्री सतीश शर्मा विदिशा के ही शिवाजी चौक के निवासी थे। वह अपने माता पिता के इकलौते पुत्र थे जिनका आकस्मिक निधन हो जाने से वे अकेले रह गए थे।रिश्तेदारों की उपेक्षा के कारण उनकी शादी भी नही हुई। वे ग्रेजुएट थे ,,,,ओर मंदिर में रहकर भगवान की पूजा अर्चना में ही समय गुजारा करते थे। वृद्धावस्था में उनको ड़ई बीमारियों ने घेर लिया था तो वे परेशान होकर जून 2022 में श्री हरि वृद्ध आश्रम आ गए थे। आश्रम संचालक श्रीमति इन्दिरा शर्मा और श्री वेद प्रकाश शर्मा ने उन्हें बहुत मान सम्मान के साथ रखा। वृद्धावस्था के चलते वे बीमार रहने लगे थे। उनका इलाज विदिशा के शासकीय मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। उपचार के दौरान ही उनका आकस्मिक निधन हो गया। अनंत यात्रा पर जाते जाते भी वे अपनी देह दान व नेत्र दान कर गए। उनके इस पुण्य कार्य से किसी जरूरतमंद के जीवन का अंधेरा दूर होगा। श्री हरि वृद्ध आश्रम के सभी बुड्ढों और स्टाफ ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

# शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राही को दिलाना सुनिश्चित करायें समस्त विभाग चंबल संभागायुक्त

### चंबल संभागायुक्त ने विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत जीरो प्रगति वाले दो सीएमओ की दो-दो वेतनवृद्धि रोकने के दिए निर्देश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** आयुक्त ग्वालियर एवं चंबल संभाग श्री दीपक सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में विभिन्न विभागों में संचालित हितग्राहीमूलक, जनकल्याणकारी योजनाएँ, कार्यक्रमों जैसे कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कुशल युवा कार्यक्रम योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना प्रधानमंत्री ग्राम स?क योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, अटल एक्सप्रेस-वे, मुख्यमंत्री स?क योजना एवं फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 सहित अन्य विभागीय कार्यक्रमों, योजनाओं की सभी जिला अधिकारियों के साथ विभागवार समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत जीरो प्रगति वाले दो सीएमओ की दो-दो वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए।बैठक में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, अपर कलेक्टर जेपी सैयाम, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदय सिंह सिकरवार, मेहगांव वरूण अवस्थी, लहार आरए प्रजापति, डिप्टी कलेक्टर पराग जैन सहित अन्य जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।आयुक्त चंबल संभाग श्री दीपक सिंह ने विभागवार संचालित हितग्राहीमूलक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में कहा कि योजना का प्रचार प्रसार ठीक से किया जाए। पहले योजना को समझें



किसानों के बीच जाकर योजना के बारे में समझाइश दें। जिन किसानों का फसल बीमा नहीं हुआ है उनको फसल बीमा कराने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य हेतु कृषि विभाग में पर्याप्त अमला उपलब्ध है। सरकार के द्वारा योजनाओं में बजट भी उपलब्ध कराया जाता है फिर भी कार्य ठीक नहीं है कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। इसीप्रकार तकनीकी शिक्षा कौशल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान रोजगार मेले के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार मेले का आयोजन करने के निर्देश दिए। चंबल संभागायुक्त ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी के संबंध में कहा कि जहां भी आवास के लिए भूमि आवंटन संबंधी समस्या है वहां नगरीय निकाय के सीएमओ एसडीएम को साथ लेकर जमीन संबंधी समस्या का निराकरण कराना सुनिश्चित करें, जिससे मकान बनना शुरू हो जाए।चंबल संभागायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत प्रगति जीरो पाए जाने वाले सीएमओ मौ एवं सीएमओ दबोह की दो-दो वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश बैठक में दिए। उद्यानिकी विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि जो नये युवा अच्छा पढ़ लिखकर आ रहे हैं और वे खेती में रूचि ले रहे हैं ऐसे 50 युवा किसानों को रतलाम, खरगोन, जलगांव में लेकर जाने के लिए प्लान तैयार कर दिसम्बर माह में टूर कराना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारियों से कहा कि जहां भी सड़कें मरम्मत योग्य हैं उनका शीघ्र मरम्मत कराया जाए। एक साल में जितने भी मृत्यु हुई हैं उनका डेटा महिला एवं बाल विकास एवं बीएलओ को उपलब्ध करायें। जिले में 74 बच्चे कुपोषित हैं चार एनआरसी संचालित हैं स्टाफ भी पर्याप्त है इसके बावजूद भी बच्चों को एनआरसी में भर्ती नहीं कराया गया है इस ओर आवश्यक कार्यवाही करते हुए कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने को कहा, अन्यथा एनआरसी में लगे स्टाफ को दिए गए वेतन की बसूली संबंधित अधिकारियों के वेतन से की जावेगी।चंबल संभाग के आयुक्त श्री दीपक सिंह ने मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के बारे समीक्षा करते हुए कहा कि सीईओ जनपद जो आंगनबाडी भवन संचालित हैं वहां पानी और टॉयलेट की पर्याप्त व्यवस्था की जाए जहां सरकारी भवन में आंगनबाडी संचालित है उसकी रंगाई पुताई कराई जाए। जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि जितने भी छात्रावास संचालित हैं उनके मरम्मत के लिए शासन द्वारा पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया गया है छात्रावासों में मरम्मत कराकर उनको सुसज्जित बनाया जाए। संभागायुक्त ने कहा कि 18 से अधिक वर्ष के युवाओं के मतदाता सूची में नाम जोडने के लिए वृहद् अभियान चलाकर स्कूलों एवं कॉलेजों में जाकर बच्चों के वहीं ऑनलाईन फार्म भरवाये जाएं। उन्होंने कहा कि शादी के बाद जो महिलाऐं ससुराल चली गईं या ससुराल में आई हैं उनके नाम काटने एवं जोडने की कार्यवाही की जाए। जिले में आधार लिंकिंग की स्थिति ठीक नहीं है आधार लिकिंग के कार्य में प्रगति लाई जाए। बैठक में कहा कि नामांकन, सीमांकन, बटवारा के प्रकरण लंबित हैं, उनको निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

## प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन के माध्यम से विदिशा दुर्घटना में निधन हुए पत्रकारों के परिजनों को दी जाए शासकीय नौकरी

### पत्रकारों के हितों के लिए प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ की सराहनीय पहल

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भोपाल--** प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ एक ऐसा संघ जो हमेशा पत्रकारों के हितों की लड़ाई लड़ता रहा है जिस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह पवैया जी के द्वारा बताया गया कि मध्?य प्रदेश के विदिशा में अज्ञात ट्रक ने बाइक में जोरदार टक?कर मार दी जिससे बाइक पर सवार तीन पत्रकारों की मौत हो गयी। ये तीनों पत्रकार साप्ताहिक समाचार पत्र के प्रकाशन के लिए भोपाल आये हुये थे बापस विदिशा लौटते समय यह हादसा हुआ। जिसमे विदिशा शहर के प्रतिष्ठित पत्रकारो का दर्दनाक स?क हादसे में मंगलवार सुबह विदिशा प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश वर्मा और सुनील शर्मा नरेंद्र दीक्षित का निधन हो गया पत्रकार जगत के लिए एक बहुत बडी छती हैं प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ ने एवं परिजनों ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय से आग्रह किया है कि दुर्घटना में जान गवाने वाले पत्रकारों के परिवार उनके बच्चे या



पत्रकार सुरक्षा हमारा कर्तव्य है
प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ
Press Media Journalist Welfare Association

दिनांक..30/11/2022....

श्रीमान मुख्यमंत्री महोदय
मध्यप्रदेश शासन

विदिशा जिले में दुर्घटना में निधन हुए पत्रकारों के शोकाकुल परिवार को शासकीय नौकरी देने बाबत

विषय अंतर्गत लेख है कि मध्य प्रदेश के विदिशा में अज्ञात ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार तीन पत्रकारों की मौत हो गयी। ये तीनों पत्रकार साप्ताहिक समाचार पत्र के प्रकाशन के लिए भोपाल आये हुये थे बापस विदिशा लौटते समय यह हादसा हुआ। जिसमे विदिशा शहर के प्रतिष्ठित पत्रकारो का दर्दनाक सड़क हादसे में मंगलवार सुबह विदिशा प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश वर्मा और सुनील शर्मा नरेंद्र दीक्षित का निधन हो गया पत्रकार जगत के लिए एक बहुत बड़ी छती हैं प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ ने एवं परिजनों ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय से आग्रह किया है कि दुर्घटना में जान गवाने वाले पत्रकारों के परिवार उनके बच्चे या पत्नी को शासकीय सेवा में लिया जावे क्योंकि आर्थिक सहायता से जीवन यापन नहीं किया जा सकता अतः मृतकों के परिवार के पास रोजगार के साधन नहीं है इसलिए प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ मध्यप्रदेश के पत्रकारों की बैठक में फैसला हुआ है कि मध्य प्रदेश सरकार में मृतकों के परिजनों को शासकीय नौकरी देने का कष्ट करे धन्यवाद

राष्ट्रीय अध्यक्ष
प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ

पत्नी को शासकीय सेवा में लिया जावे क्योंकि आर्थिक सहायता से जीवन यापन नहीं किया जा सकता अतः मृतकों के परिवार के पास रोजगार के साधन नहीं है इसलिए प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ मध्यप्रदेश के पत्रकारों की बैठक में फैसला हुआ है कि मध्य प्रदेश सरकार में मृतकों के परिजनों को शासकीय नौकरी देने का कष्ट करें उन्होंने बताया कि प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ हमेशा उन पत्रकार साथियों के साथ खड़ा है जो सही समय पर सही खबर को प्रकाशित करते हैं उनके साथ अगर कहीं भी कोई अन्याय होगा तो प्रेस मीडिया पत्ता कल्याण संघ उनके साथ हमेशा खड़ा रहेगा मैं रविंद्र सिंह पवैया प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ का राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते आप सभी पत्रकार बंधुओं से विशेष आग्रह करता हूं कि आप अपने हर जिले के पत्रकार साथियों की मदद करें एवं प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ से जोड़कर उनके हितों के लिए कार्य करें

## एच.आई.व्ही./एड्स के प्रति जागरूकता आवश्यक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 01 दिसम्बर, 2022 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर माननीय अक्षय कुमार द्विवेदी, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के आदेशानुसार एवं सुनील दण्डौतिया जिला न्यायाधीश/सचिव, महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के मार्गदर्शन में भिण्ड जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सी0एम0 राईज स्कूल भिण्ड में भारतीय संविधान में प्रावधानित मूल कर्तव्यों पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित श्री सौरभ कुमार दुबे जिला विधिक सहायता अधिकारी ने उपस्थित बच्चों को उनके मूल कर्तव्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह हमारा मौलिक कर्तव्य है कि हम समाज में भाईचारे एवं सदभाव के साथ सबको लेकर आगे बड़े तथा अपने निजी जीवन में पूरी तत्परता एवं निष्ठा के साथ निरंतर प्रयास करते हुए सफलता की नई ऊचाईयों को छुये जिससे कि राष्ट विकास की नई ऊचाईयों को छू सके तथा निरंतर आगे बड़ता रहे। ए0डी0आर0 सेन्टर भिण्ड में आयोजित कार्यक्रम में नेको के कर्मचारीगण जिला चिकित्सालय के डॉक्टर, नर्स, पैरालीगल वालेंटियर्स एच.आर.जी., सर्वोद्य विन्ध्य विकास समिति भिण्ड के साथ बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित श्री सौरभ कुमार दुबे जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा एड्स के प्रति सकर्तता बरतने की सलाह दी गई तथा उक्त अवसर पर उपस्थित लोगों को यौन कर्मियों के संवैधानिक/कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर उनसे यौन कर्मियों तक पहुँचकर उन अधिकारों के बारे में जागरूक करने का आवहन किया गया। उक्त अवसर पर उपस्थित डॉ. आंश्यदीप शाक्य ने लोगों को एड्स फेलने के कारणों का जिक्र करते हुए लोगों से एड्स की रोकथाम हेतु सुझाव प्रस्तुत किये। उपजेल लहार, गोहद एवं मेहगांव में आयोजित विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लगभग 400 बंदियों का एच0आई0व्ही स्क्रीनिंग टेस्ट किया गया।

## पहाड़गड़ सीएम कप का हुआ आयोजन





**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**पहाड़गड़-** खेल एवं युवा कल्याण विभाग एव स्कूली शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित मुख्यमंत्री कप का आयोजन पहाड़गढ़ में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनवारी लाल धाकड़ एव स्वाथ्य विभाग एव शिक्षा विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे वही कबड्डी, गोला फेंक, एथलेटिक, वॉलीबॉल, फुटबॉल, दौड़, खेलों का आयोजन किया गया इनका आयोजन खेल एवं युवक कल्याण विभाग की ब्लॉक समन्वयक सोनम तोमर के द्वारा करवया गया एव उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया वहीं उपस्थित अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है एवं मस्तिष्क का विकास होता है हमें अपनी प्रतिभाओं को निखारने के लिए हमेशा कुछ न कुछ खेलो मैं भाग जरूर लेना चाहिए सीएम कप की प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते है पहाड़ गढ़ ब्लॉक सहित जिला एवं संभाग और प्रदेश में अपना और अपने ब्लॉक का नाम रोशन करेंगे इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया इस प्रतियोगिता में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा एनआईएस कोच नरेंद्र सिंह तोमर, श्याम सिंह, उपदेश तोमर सोनल बंसल, सीटू यादव,राजेंद्र कुलश्रेष्ठ, पवन सिंघल, अरविंद चौधरी,अखलेश गौड, रीता सहित अन्य स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा

## राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं ने एड्स दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

### कार्यशाला का हुआ आयोजन

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस** एड्स दिवस के अवसर पर आचार्य नरेंद्र देव महाविद्यालय कैलारस की÷ राष्ट्रीय सेवा योजना÷ इकाई के द्वारा गठित ÷रेड रिबन क्लब÷ के स्वयंसेवकों द्वारा विश्व एड्स दिवस एक जागरूकता रैली नगर के प्रमुख मार्गो से निकली इस अवसर पर महाविद्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ ऐसा मिश्रा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर , विशेष अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राधाकृष्ण सिंघल, प्रभारी प्राचार्य रणवीर जादौन द्वारा रेड रिबन क्लब के द्वारा निकाली गई एड्स/एचआईवी जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया उक्त रैली का गोद ग्राम रिठोनिया व शहर के मुख्य मार्गो से विविध नारे लगाते हुए थाना परिसर पर समापन हुआ उक्त रैली के समापन अवसर पर रेड रिबन क्लब राजस्तर प्रश्न मंच प्रतियोगिता मेंक्लब स्तर पर विजयी प्रथम, द्वितीय, तृतीय क्रमशः साक्षी शर्मा नैंसी गोयल, राघवेंद्र सिकरवार को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि राधा कृष्ण सिंगल जी द्वारा पुष्पगुच्छ ,पुष्पहार से सम्मानित किया उक्त रेड रिबन क्लब द्वारा विश्व एड्स पखवाड़े( 1से 15दिस.) के तहत पोस्टर निर्माण, प्रश्न मंच ,व्याख्यान, निबंध, नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा, उक्त कार्यक्रम में ब्लॉक खेल अधिकारी सुश्री सोनल बंसल की विशेष भूमिका रही ,उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार की मौजूदगी के साथ समापन सत्र में एसडीओपी संजय कोच्छा , उपनिरीक्षक राम मंत्र गुप्ता, वीर सिंहजी व अन्य पुलिस बल मौजूद रहा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्री के सी बंसल(स प्रा) द्वारा भोजन उपरांत कार्यक्रम को समापन की घोषणा की । उक्त कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ प्रो. रामेन्द्र सिंह भदौरिया, रामलखन धाकड़,राजू खान, राकेश सिकरवार गजेंद्र शर्मा , शिवकुमार धाकड़,अखलेश पाराशर,(सोनू)का सहयोग सराहनीय रहा



### 26 वा इंटर कालेज यूथ फेस्टिवल झूमर कल से

## विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में कल से होगा यूथ फेस्टिवल झूमर

**रिपोर्टर बिजय चौधरी**

हड़ारीबाग पुष्पांजली टुडे-विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में 2 दिसंबर से यूथ फेस्टिवल का आगाज होगा. इसमें अभी तक 20 से अधिक अंगीभूत कॉलेजों ने अपना पंजीयन करवा लिया है. विभिन्न कॉलेज कुल500 से ज्यादा प्रतिभागियों भागलेने उम्मीद है। यूथ फेस्टिवल झूमर के मुख्य अतिथि पदम श्री बुलू इमाम होंगे. तीन दिवसीय इस समारोह में म्यूजिक, डांस, लिटरेरी इवेंट, थिएटर, फाइन आर्ट्स, और लोक संस्कृति के तरह-तरह के रंग दिखेंगे. यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर के विनोदनी पार्क में संपन्न होगा. कुल 26 इवेंट 3 दिनों तक विश्वविद्यालय परिसर मे आयोजित होंगे कुलपति ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना काल के 3 साल बाद युवा महोत्सव का आयोजन हो पा रहा है.विभिन्न कॉलेज के प्रतिभागी 3 दिन विश्विद्यालय के परिसर में रहकर अपने अकादेमी ज्ञान के अलावा कला संस्कृति, की बातों को साझा करेंगे. यूथ फेस्टिवल के तीन दिवसीय समारोह में



मुख्य रूप से पांच विद्याओं के कार्यक्रम होंगे. इसमे हिन्दुस्तानी, कर्नाटका क्लासिकल, वोकल सोलो म्यूजिक, इंस्ट्रूमेंटल सोलो म्यूजिक, इंडियन लाइट वोकल म्यूजिक, वेस्टर्न वौकल सोलो म्यूजिक, ग्रुप इंडियन सांग, ग्रुप सांग वेस्टर्न शामिल है, दुसरी विधा मे फोक ट्राइबल डांस, क्लासिकलडान्स शामिल है.तीसरा विधा मे क्विज, एलोकेशन, डिबेट होंगे. चौथी विधा मे वन एक्ट प्ले, मिमिक्री,और पांचवी विधा मे ऑन स्पॉट पेटिंग , पोस्टर मेकिंग, मॉडलिंग, कार्टून, रंगोली, ईस्टालेशन, फोटोग्राफी , और मेहन्दी आर्ट शामिल है.

**आज पहले दिन उद्घाटन समारोह होने के बाद-**ग्रुप इंडियन ग्रुप इंडियन सांग, कार्टूनिंग, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी , क्विज रिटेन टेस्ट, वन एक्ट प्ले,क्लासिकल वोकल सोलो, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो, लाइट वोकल सोलो आज होंगे.

## 104.79 लाख का मानव दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**




**मुरैना**/जिले में चालू माली साल के दौरान 2 लाख 3 हजार 800 सक्रिय जॉवकार्ड धारियों को 104.79 लाख का मानव दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य की तुलना में नवम्बर 2022 के अंत तक 54.69 लाख मानव दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया है, जो लक्ष्य का 52 प्रतिशत है।प्राप्त जानकारी के अनुसार महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कैलारस जनपद पंचायत में 39 हजार 802 जॉवकार्ड धारियों को 19.56 लाख मानव दिवस के रोजगार उपलब्ध कराने के विरूद्ध अभी तक 8.14 लाख मानव दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया है। पहाडगड़ जनपद पंचायत में 39 हजार 107 जॉवकार्ड धारियों को 19.67 लाख मानव दिवस के विरूद्ध 11.10 लाख मानव दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया है। सबलगड़ जनपद पंचायत में 35 हजार 722 जॉवकार्ड धारियों को 18.78 लाख मानव दिवस के विरूद्ध 9.54 लाख मानव दिवस रोजगार उपलब्ध कराया है। पोरसा जनपद पंचायत में 14 हजार 855 जॉवकार्ड धारियों को 7.22 लाख मानव दिवस के विरूद्ध 2.78 लाख का मानव दिवस रोजगार उपलब्ध कराया है। मुरैना जनपद पंचायत में 32 हजार 210 जॉवकार्ड धारियों को 17.12 लाख मानव दिवस की तुलना में 11.04 लाख मानव दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया है। जौरा जनपद पंचायत में 32 हजार 533 जॉवकार्ड धारियों को 10.66 लाख मानव दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया है। अम्बाह में 9 हजार 571 जॉवकार्ड धारियों को 5.98 लाख मानव दिवस के विरूद्ध अभी तक 1.42 लाख मानव दिवस रोजगार उपलब्ध कराया है।

# भगवान बिरसा मुण्डा जयंती एवं आदिवासी सम्मेलन का भाजपा परिवार ने किया भव्य आयोजन

## वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडीयम में उमड़ा आदिवासी वर्ग का जनसैलाब







**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

**लांजी-** भगवान बिरसा मुण्डा जयंती अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे पुर्व विधायक विधानसभा लांजी किरनापुर एवं भाजपा परिवार के द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन नगर के वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडीयम सालेटेकरी रोड लांजी मे प्रात- 11 बजे से आयोजित किया गया है। आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम गांव गांव से पंहुचे सभी आदिवासीजनों को पीला गमछा प्रदान किया गया, तदोपरांत गीतकार के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा एवं बड़ा देव की आरती की गई। तथा उपस्थित अतिथियों के द्वारा भारत माता, भगवान बिरसा मुण्डा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, महात्मा ज्योतिबाफुले, सावित्री बाई फुले, डाक्टर भीमराव अम्बेडकर, रानी दुर्गावती, टंट्या भील मामा, राजाड़ शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आयोग अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन पिछडा वर्ग आयोग मध्यप्रदेश शासन विधायक बालाघाट, भगतसिंह नेताम पूर्व विधायक बैहर, संजय पुराम पूर्व विधायक आमगांव महाराष्ट्र, दुलीचंद राजनीरे जिला पंचायत सदस्य बालाघाट, रेखा ताराचंद कालबेले अध्यक्ष नगर परिषद लांजी, रामकुमार राणा अध्यक्ष जनभागीदारी समिति दिलीप भटेरे महाविद्यालय किरनापुर, की प्रमुख उपस्थिती में संपन्न हुआ। इस दौरान मंच पर कस्तूरबा वाकड़े पार्षद, संजय सैयाम पार्षद, मोहपत पन्द्रे उपसरपंच बम्हनवाड़ा, बालकृष्ण घोरमारे, दशरूलाल मडावी, दिलीप वाकड़े, कमला संजय घोरमारे सरपंच घोटी घुसमारा, गोरेलाल नारनौरे अध्यक्ष चुरली, बुधराम नारनौरे डोंगरगांव, तन्सूराम चौधरी दहेगांव, कमला बाई कोडबते, राया बाई उईके, मोतीराम उईके, मुन्नालाल मलघाम, नानूराम सिरामे, मोहन खुडसाम, दसरूलाल मडावी, दमयंती धारणे सरपंच खजरी, जगनलाल घोरमारे, चंदनलाल घोरमारे, दुर्गा बाई मरकाम, रीना सोनवाने, रोशनलाल दल्लेमाल, थानसिंग चंदाहे, सुनिता बाई अडमे, गोविंद राव कावरे, हेमराज पालेवार, नरेंद्र डोंगरे, चमन चौके, श्यामलाल कुंभरे, महेश धारने, डोमाजी घोरमारे, कांशीराम चौधरी, लक्ष्मण परते, विमल घोरमारे सरपंच सहेकी, शंकरलाल चौधरी सरपंच फोफसा, शेखर जांबुरे, दुश्यंत चौके आदि जनप्रतिनिधि मंचासिन रहें। मंचासीन पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार आदिवासियों के लिए कार्य करने वाली सरकार है, लांजी किरनापुर में पुनः कमल खिलेगा। वहीं बैहर विधानसभा के पुर्व विधायक भगत सिंह नेताम एवं आमगांव महाराष्ट्र के पुर्व विधायक संजय पुराम ने भी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर जमकर प्रहार किया। वहीं अतिथियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी।देश में सबसे बड़े पद पर कोई है तो वह है भारत की आदिवासी महिला राष्ट्रपति - रमेश भटेरे जिलाध्यक्ष भाजपा बालाघाटलांजी किरनापुर विधानसभा की मेरी देव तुल्य माताओं बहनों आप सभी को मैं रमेश भटेरे का जय सेवा जय जोहार। आदिवासी समाज के लोगों ने तो अपना खुद का सम्मेलन अनेकों बार किया है चाहे वह आखा तीज हों या रानी दुर्गावती जयंती हो चाहे वह भगवान बिरसा मुंडा जी का कार्यक्रम आदिवासी समाज ने हर बार अपने सामाजिक स्तर पर कार्यक्रम को किया है लेकिन यह पहली बार हुआ है कि आदिवासी समाज के पूरे लोगों को किसी राजनीतिक दल या राजनेता ने बुलाया और आप यहां एकत्रित हुए हैं। इस हमारे लांजी क्षेत्र में बैगा समाज , गोंड समाज और माना समाज भी निवास करता है। मैं आप सब की जानकारी के लिए बता दूं कि पूरे बालाघाट जिले में अकेला एकमात्र लांजी ब्लॉक है जहां पर माना समाज के लोग निवास करते हैं। उसके अलावा किसी भी ब्लाक में कहीं भी माना समाज के लोग नहीं है, और मान लो यदि कहीं मिलते भी हैं तो लांजी से ही गए हुए हैं लेकिन बड़ी संख्या में लांजी में ही माना समाज के लोग निवास करते हैं। अभी हाल ही में 15 नवंबर को महान तिथि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को पूरा देश मना रहा था हमारे द्वारा भी तय किया हमने अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर तय किया कि बिरसा मुंडा किसी जात के व्यक्ति नहीं थे, सिर्फ आदिवासियों के देवता नहीं है, बिरसा मुंडा सिर्फ गोंडों के देवता नहीं है, भगवान बिरसा मुंडा सभी के भगवान है, जिन्होंने मात्र 25 वर्ष की उम्र में जल जंगल जमीन के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने ललकारा था कि हे गोरी चमड़ी वालों अंग्रेजों यह देश हमारा है यहां शासन हमारा होगा तो इस देश को छोड़ दो इस भारत को छोड़ दो। और बिरसा मुंडा के उस आव्हान पर सकल भारत का समाज अंग्रेजो के खिलाफ लड़ाई लड़ने लगा और ऐसे बिरसा मुंडा की जयंती हम एकत्रित होकर मना रहे हैं।अरे पूजे ना गए शहीद तो यह बीज कहां से आएगा, धरती मां को माथे से कौन लगाएगा अपने हाथों अपनी गर्दन कौन कटाएगा और पूजे ना गए शहीद तो यह बीज कहां से आएगा। यह भारत ऐसे लाखों शहीदों की शहादत का इतिहास है और ऐसे समय समय पर सभी हमारे महापुरुषों को हम नमन करते हैं आज हम बिरसा मुंडा जी को पूज रहे हैं, वो दिन भी आएगा 14 अप्रैल जब हम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को भी जो भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाएंगे। हमारे नेता नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री एवं शिवराज जी मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने इस देश के लिए बलिदान देने वाले सभी महापुरुषों को यह समाज याद करना चाहिए और इसीलिए तय किया गया कि हम सब मिलकर के भगवान बिरसा मुंडा के जयंती मनाएंगे आप सभी लोग आएंगे आप सभी लोगों को आमंत्रण देता हूं। 15 नवंबर जनजातीय गौरव दिवस इतना बड़ा आदिवासी समाज है देश के प्रधानमंत्री श्रीमान मोदी जी को लगा कि वास्तव में देश आदिवासियों का देश में आदिवासियों का देश है तो साल के 365 दिन होते हैं लेकिन आदिवासियों के गौरव के लिए कोई भी दिन घोषित नहीं किया गया और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पिछले साल ही ने निर्णय लिया भारत जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाएगा हर साल गौरव दिवस का कार्यक्रम मनाया जाएगा और 15 नवंबर को आदिवासी समाज के लिए शासकीय अवकाश घोषित किया गया। यह सब हमारे भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हीं संभव हुआ है। देश के प्रधानमंत्री ने एलान किया कि हर साल 15 नवंबर को सरकारी छुट्टी हुआ करेगी।यह भारत के इतिहास में पहली बार हुआ है कि भारत के सबसे सर्वश्रेष्ठ नागरिक का दर्जा किसी को है, भारत के बड़े सबसे बड़े पदों में कोई विराजमान है तो वह है आपके हमारे बीच की एक आदिवासी महिला महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी है, जो कि स्वयं आजाद भारत की पहली आदिवासी महिला है। और यह सब बिरसा मुंडा की कही हुई वाणी आज चरितार्थ हो रही है कि यह देश हमारा है तो शासन भी हमारा होगा और देश में सबसे बड़े पद पर कोई है तो वह है भारत की आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू है। जब अटल बिहारी वाजपेई जी प्रधानमंत्री थे तब आदिवासी भाइयों के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग लाया जिसमें कि आदिवासियों के हित में फैसले लिए जाएंगे और 2002 में पहली बार आदिवासी के लिए आदिवासी केंद्र सरकार में मंत्री बने और उसके बाद से ही सारी योजनाएं आदिवासियों के लिए चालू की गई है। हमने संकल्प लिया है कि कोटेश्वर महादेव मार्ग पर स्थित चौक का नाम बिरसा मुंडा चौक और आने वाली 9 जून 2023 को सप्त धातुओं से निर्मित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगाएंगे और उसका अनावरण करेंगे। और 50 हजार रुपए की लागत से गोंडवाना भवन की मांग करेंगे।दूसरे दलों को लगता है कि भाजपा आदिवासियों के आरक्षण को समाप्त कर देगी और उन लोगों ने अभी भ्रम फैलाया है कि भाजपा से मत जुड़ो आरक्षण समाप्त कर देगी। मेरे भाइयों और बहनों प्रदेश में 20 साल से भारतीय जनता पार्टी के मध्य प्रदेश में सरकार है 15 महीने की कमलनाथ की सरकार थी, आप सिर्फ यह बता दीजिए कि किसी व्यक्ति का आरक्षण छिना क्या।वनाअंचल ग्रामों में कहा गया कि हमें इलेक्ट्रिक लाइन नहीं हमें सोलर पैनल चाहिए और मैंने जिला पंचायत सीईओ से बातचीत की उन्होंने कहा कि भोपाल से आदेश दिला दीजिए उसके बाद में हम कुछ करते हैं, तो बहुत ही जल्द 2 दिन में सर्वे का काम चालू हो गया और फरवरी के आखरी तक पूरे वनांचल ग्राम में सोलर पैनल लग जाएंगे और आदिवासियों को लाइट मिल जाएगी।

# समाज में गतिविधि करने से हमारे अंदर एक नई ऊर्जा का विकास होता है धीरज गुर्जर

भारत सरकार खेल मंत्रालय के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन भिंड मध्य प्रदेश के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी आशुतोष जी के निर्देशानुसार कीर्ति भारती युवा मंडल की अध्यक्ष भारती वं सचिव कीर्ति तिवारी द्वारा एम जे एस कॉलेज के सामने ब्रज पब्लिक स्कूल में युवाओं में छुपी प्रतिभा को निखारना एवं युवाओं के स्वयं के निर्माण हेतु गहन स्वयंसेवी नामांकन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य संतोष तिवारी द्वारा की गई। जिसका उद्देश्य 15 से 29 उम्र के युवाओं की प्रतिभा एवं उनके व्यक्तित्व की उन्हीं से पहचान करवाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनएसएस अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर एवं विशिष्ट अतिथि फिजीशियन डॉक्टर कृपाल सिंह कुशवाहा एवं विद्यालय प्राचार्य संतोष तिवारी तथा विद्यालय प्रबंधक बृजेश सिंह उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं को प्रेरित करने वाले स्वामी विवेकानंद एवं मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।यह कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को अलग-अलग प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया



गया। एनएसएस अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर द्वारा समाज में हमारा कर्तव्य और फिजीशियन डॉ कृपाल सिंह कुशवाह द्वारा अपने स्वास्थ्य का ध्यान एवं विद्यालय प्राचार्य संतोष तिवारी द्वारा नेतृत्व विकास तथा एनवाईवी आशुतोष शर्मा और कीर्ति तिवारी एवं भारती द्वारा स्वच्छत भारत, व्यक्तित्व विकास एवं लक्ष्य तय करना इत्यादि के बारे में प्रशिक्षित किया गया। मुख्य अतिथि एनएसएस अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर सर ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि समाज में गतिविधि करने से हमारे अंदर एक नई ऊर्जा का विकास होता है और जितना हम समाज के बीच रहते हैं, उनको समझते हैं उससे हमारे व्यक्तित्व का विकास होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल के कार्यकर्ता देवेश सिंह, खुशवेन्द्र सिंह, दीपेश कुशवाह, आकाश कुशवाहा, सचिन कुशवाहा, ज्योति बघेल एवं रश्मि संपूर्ण योगदान रहा। एनवाईवी आशुतोष शर्मा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन कर सभी को स्वल्पाहार देकर विदा किया गया।

# एच.आई.व्ही./एड्स के प्रति जागरूकता आवश्यक

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देषानुसार 01 दिसम्बर, 2022 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर अक्षय कुमार द्विवेदी, प्रधान जिला न्यायाधीष/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के आदेशानुसार एवं सुनील दण्डौतिया जिला न्यायाधीष/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के मार्गदर्शन में भिण्ड जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।सीएम राईज स्कूल भिण्ड में भारतीय संविधान में प्रावधानित मूल कर्तव्यों पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित सौरभ कुमार दुबे जिला विधिक सहायता अधिकारी ने उपस्थित बच्चों को उनके मूल कर्तव्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह हमारा मौलिक कर्तव्य है कि हम समाज में भाईचारे एवं सदभाव के साथ सबको लेकर आगे बड़े तथा अपने निजी जीवन में पूरी तत्परता एवं निष्ठा के साथ निरंतर प्रयास करते हुए सफलता की नई ऊचाईयों को छुये जिससे कि राष्ट्र विकास की नई ऊचाईयों को छू सके तथा निरंतर आगे बढ़ता रहे। ए0डी0आर0 सेन्टर भिण्ड में आयोजित कार्यक्रम में नेको के कर्मचारीगण जिला चिकित्सालय के डॉक्टर, नर्स, पैरालीगल वालेंटियर्स एच.आर.जी., सर्वोद्य विन्ध्य विकास समिति भिण्ड के साथ बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सौरभ कुमार दुबे जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा एड्स के प्रति सकर्तता बरतने की सलाह दी गई तथा उक्त अवसर पर उपस्थित लोगों को यौन कर्मियों के संवैधानिक/कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर उनसे यौन कर्मियों तक पहुॅचकर उन अधिकारों के बारे में जागरूक करने का आवहन किया गया। उक्त अवसर पर उपस्थित डॉ. आंश्यदीप शाक्य ने लोगों को एड्स फेलने के कारणों का जिक्र करते हुए लोगों से एड्स की रोकथाम हेतु सुझाव प्रस्तुत किये। उपजेल लहार, गोहद एवं मेहगांव में आयोजित विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लगभग 400 बंदियों का एचआईव्ही स्क्रीनिंग टेस्ट किया गया।

## गौ रक्षकों की उठी आवाज गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करे सरकार

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा का माल्यार्पण कर गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए की जमकर नारेबाजी

**ग्वालियर.**गौले के मंन्दिर पर राष्टपति द्वारा



सम्मानित गौरक्षा संगठन प्रमुख सन्तोष चौहान के नेतृत्व में चल रहे धरना प्रदर्शन मे भाग लेकर गौ रक्षक भारत सरकार से गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किये जाने की मांग कर रहे हैं गौ रक्षक सन्तोष चौहान ने बताया की गाय सनातन थर्म का मुल आधार है भारतीयों की आस्था का केन्द्र हे सनातन धर्म प्रधान भारत में देव स्वरूप माने जाने वाली गौ माता की सरकार.समाज की अनदेखी के चलते दुर्दशा हो रही है घर घर में पुजे जाने वाली गाय रोड पर भटक रही है कचरा खाने को मजवुर हो रही है भुख प्यास से व्याकुल हो कर तडप तडप के मर रही है गौ संरक्षण सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा गाय को राष्टीय पशु घोषित जाना अति आवश्यक है जिसके लिए हम गौ रक्षक धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार से निवेदन कर रहे हैं

ग्वालियर गोले के मंन्दिर पर वनी अस्थाई गौशाला में नही रख रखाव के समुचित इंतजाम- सन्तोष चौहान ने गोले के मंन्दिर पर वनी अस्थाई गौशाला के हालातों को वताते हुये कहा की उक्त गौशाला में नगर निगम गायों को लाकर रख तो देती है लेकिन उनके रख रखाव चारे पानी सर्दी से वचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं करती सर्दी के कारण रोज गायों की मौत हो रही है सन्तोष चौहान ने कहा की प्रशासन ने गायों के लिए जल्द ही समुचित व्यवस्था प्रवंध नही किये तो नगर में जन आंदोलन चला कर प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जायेगा प्रदर्शनकारी गौ रक्षकों ने गौले के मंन्दिर चौराहे पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर चरण वंदना की और गौ माता को राष्टीय पशु घोषित किये जाने के लिए जमकर नारेबाजी की






स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478